डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/101/2020-22

वर्ष : 09 > अंक : 32 > मूल्य: 10 रुपए >पृष्ठ : 08

साप्ताहिक समाचार | मीडिया दृष्टिकोण

# हिलव्यू समाचार

बुराई का अंत सत्य की राह पर चलकर निश्चित है।
-शालिनी श्रीवास्तव

जयपुर, मंगलवार, 07 फरवरी 2023

R.N.I. No. RAJHIN/2014/56746

website: www.hsnews.in

### राइट टू हेल्थ बिल के लिए अलग से फंड, बैठक के बाद होगा बिल लागू

# अब इमरजेंसी का ख़र्च उठाएगी प्रदेश सरकार




**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** प्रदेश में आमजन को स्वास्थ्य का अधिकार देने वाले बिल के तहत इलाज का खर्चा राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। बजट में इसके लिए अलग से फंड का प्रावधान किया जाएगा। बिल को लेकर लगातार विरोध कर रहे निजी अस्पतालों और चिकित्सकों के संगठनों के आगे झुकते हुए सरकार ने इमरजेंसी इलाज के लिए अलग से फंड बनाने का फैसला किया है। चिकित्सा मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि बिल का विरोध कर रहे डॉक्टर और प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों का समाधान निकाल दिया है। मीणा ने कहा कि 11 फरवरी को होने वाली प्रवर समिति की बैठक में डॉक्टर्स का पक्ष सुना जाएगा और उसी दिन राइट टू हेल्थ बिल को अंतिम रूप दे दिया जाएगा, लेकिन निजी चिकित्सा संगठनों का अभी भी विरोध जारी है। मंत्री के बयान के बाद देर रात चिकित्सा संगठनों के प्रतिनिधियों ने बैठक कर सरकार के खिलाफ बड़ा आंदोलन करने की घोषणा की। उनका कहना है कि बिल में एक नई कई संशोधन की जरूरत है।

### इस तरह होगा भुगतान

प्रवर समिति की बैठक से पहले सरकार ने राइट टू हेल्थ बिल में कई तरह के संशोधन किए जा रहे हैं। इसको लेकर मंत्री परसादी लाल मीणा ने बताया कि निजी अस्पतालों में इलाज के लिए राज्य सरकार को भुगतान करना होगा। इसके लिए चिरंजीवी योजना में जो पैकेज रखे गए हैं, उन्हें शामिल किया जाएगा। साथ ही जो पैकेज चिरंजीवी के दायरे में नहीं है उन्हें भी राइट टू हेल्थ बिल के पैकेज में शामिल किया जाएगा। इमरजेंसी में आने वाले मरीज की बीमारी डाइग्नोस होने के बाद उसके आधार पर तय पैकेज का सरकार सीधे अस्पताल को भुगतान करेगी। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी में आने वाला मरीज अगर चिरंजीवी बीमा योजना में कवर है तो चिरंजीवी के तहत भुगतान होगा। जो चिरंजीवी के अधीन नहीं होगा उसका अतिरिक्त फंड में से भुगतान किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि इससे जो अस्पताल चिरंजीवी के तहत इलाज नहीं करते, उन्हें भी इलाज करना होगा।

### निजी चिकित्सकों का विरोध जारी

राइट टू हेल्थ बिल को लेकर विरोध कर रहे चिकित्सा संगठनों का कहना है कि राज्य सरकार अपनी जिम्मेदारी प्राइवेट हॉस्पिटल पर डालना चाहती है। 50 फीसदी से ज्यादा मरीज प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज के लिए आते हैं।

## खाद्य सुरक्षा योजना और पीएम किसान योजना को लेकर प्रदेश सरकार के दो बड़े फैसले

# खाद्यान्न वितरण और किसान योजना में ई-केवाईसी कराने की तिथि बढ़ाई



हिलव्यू समाचार
जयपुर। प्रदेश सरकार ने आमजन की सहूलियत को देखते हुए दो बड़े फैसले लिए हैं। इसके तहत खाद्य सुरक्षा योजना और पीएम किसान योजना से जुड़े लोगों को फायदा होगा। खाद्य सुरक्षा योजना को लेकर लिए गए फैसले के तहत अब जनवरी माह के खाद्यान्न वितरण की तारीख बढ़ाई गई वहीं पीएम किसान योजना से जुड़े किसानों के लिए भी ई-केवाईसी कराने की तिथि को आगे बढ़ाया गया है। इससे इन योजनाओं से जुड़े लोगो को फायदा मिलेगा। खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत माह जनवरी, 2023 के पेटे आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि 10 फरवरी तक बढ़ा दी गई है।उन्होंने बताया कि बताया कि सभी जिला रसद अधिकारियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत जनवरी माह के पेटे आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि 10 फरवरी तक बढाने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत माह दिसम्बर, 2022 के पेटे आवंटित खाद्यान्न के वितरण की अवधि भी 10 फरवरी तक बढ़ा दी गई है। मंत्री खाचरियावास ने बताया कि दिसम्बर एवं जनवरी माह में राशन के गेहूं से वंचित रहे लोग अब 10 फरवरी तक उचित मूल्य की दुकान से गेहूं प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत माह जनवरी, 2023 एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत माह दिसम्बर, 2022 के पेटे आवंटित खाद्यान्न का वितरण 31 जनवरी तक किया जाना था।

उन्होंने बताया कि विभाग के संज्ञान में आया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना तहत माह जनवरी के पेटे आवंटित खाद्यान्न का 96 प्रतिशत एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजनान्तर्गत माह दिसम्बर, 2022 के पेटे आवंटित खाद्यान्न का 93 प्रतिशत ही वितरित किया गया है। खाचरियावास ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में 11 लाख से अधिक नए लाभार्थियों के नाम जोड़े गए हैं। उन्हें भी इन दोनों योजनाओं के पेटे आवंटित खाद्यान्न का लाभ मिलेगा।

### किस्त हस्तांतरण के लिए ई-केवाईसी जरूरी

पीएम-किसान योजना के लाभार्थियों को आगामी किस्त हस्तांतरित के लिए ई-केवाईसी, बैंक खाते को आधार से लिंक कराना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए भी पूर्व की तिथि को आगे बढ़ाया गया है। रजिस्ट्रार, सहकारिता एवं पीएम-किसान योजना के स्टेट नोडल अधिकारी मेघराज सिंह रतनू ने बताया कि पीएम किसान योजना के लाभार्थियों को आगामी किस्त हस्तांतरित के लिए ई-केवाईसी, बैंक खाते को आधार से लिंक कराने के लिए 10 फरवरी तिथि निर्धारित की गई। इस संबंध में भारत सरकार की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

### पुलिस अफसरों के साथ मुख्यमंत्री की चर्चा

# मज़बूत कानून व्यवस्था से बढ़ी जीडीपी



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि जीडीपी में हम देश में दूसरे स्थान पर हैं और यह सब राज्य की मजबूत कानून व्यवस्था से ही संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि पुलिस को और सख्ती से अपराध नियंत्रण में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करनी चाहिए। राज्य में भयमुक्त माहौल और लोगों की सुरक्षा सरकार की मुख्य प्राथमिकता है।

देशभर में साम्प्रदायिकता, तनाव और हिंसा का माहौल बढ़ा है, ऐसे में पुलिस के लिए आने वाला समय और अधिक चुनौतीपूर्ण होगा। ऐसी घटनाओं में लिप्त व्यक्ति किसी भी जाति अथवा धर्म का हो, कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री निवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पुलिस महानिरीक्षकों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों की बैठक में गहलोत ने कहा कि सोशल मीडिया पर गैंगस्टर और अपराधियों को फॉलो एवं समर्थन करने वालों, आश्रय और वित्तीय सहायता प्रदान करने वालों पर सख्त कार्रवाई हो। उन्होंने जेल में अपराधिक तत्वों के माध्यम से संचालित सक्रिय गिरोहों के खिलाफ विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

### अवैध वसूली पर हो ठोस कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में राज्य में धमकी देकर अवैध वसूली के प्रकरण सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं में अभियुक्तों के विरुद्ध शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि विदेश में रहकर वारदात को अंजाम देने वाले अपराधियों के विरुद्ध भी केन्द्र सरकार के माध्यम से कार्रवाई की जाए। ऐसे आपराधिक गिरोहों को खत्म करना हमारा प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं में मादक पदार्थ सेवन चिंताजनक है। इसकी प्रभावी रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाएं और अभिभावकों से संवाद करें।

## एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण 12 को

# पीएम की सभा में 30 सीटों से भीड़ जुटाएगी भाजपा



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** प्रधानमंत्री मोदी 12 फरवरी को दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे (हरियाणा के सोहना से दौसा तक) का उद्घाटन करेंगे। एनएचएआई के इस प्रोजेक्ट के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर समेत कई विधायक और जनप्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। भाजपा ने एक माह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूसरे दौरे का पूरा लाभ लेने की तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी दौसा जिले के धनावड़ में होने वाली जनसभा को लेकर रणनीति बनाने में जुट गई है। इस बीच भाजपा का सभा स्थल पर एक लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जमा करने पर फोकस है। पार्टी जयपुर, दौसा, करौली, सवाईमाधोपुर, टोंक, भरतपुर, धौलपुर, अलवर जिले की तीस से ज्यादा विधानसभा क्षेत्रों से जनसभा में आने के लिए आमजनता को निमंत्रण दे रही है। इन्हीं सीटों से जनसभा में ज्यादातर संख्या जुटाई जाएगी।

### 3 रेल परियोजनाओं की दें सकते हैं सौगात

12 फरवरी को प्रधानमंत्री दिल्ली-दौसा एक्सप्रेस वे का उद्घाटन करने के साथ ही प्रदेश को तीन रेल परियोजनाओं की सौगात भी दे सकते हैं। पीएम मोदी इस दौरान जयपुर जंक्शन और गांधीनगर रेलवे स्टेशन के री-डवलपमेंट कार्य का वर्चुअली शिलान्यास कर सकते हैं। दोनों स्टेशन करीब 800 करोड़ रुपए की लागत से भोपाल के कमलापति स्टेशन की तर्ज पर विकसित किए जाएंगे।

**सभी समाजों पर ध्यान केन्द्रित:** कार्यक्रम दौसा के पास बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र के धनावड़ ढिगारिया में दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे के पास होगा। जहां तैयारियां भी शुरू कर दी गई हैं। जबकि पहले मीणा हाईकोर्ट पर पीएम का कार्यक्रम करवाने की जानकारी सामने आई थी। लेकिन माना जा रहा है कि भाजपा प्रधानमंत्री मोदी यहां बड़ी जनसभा कर सकते हैं। किसी एक समाज विशेष पर फोकस नहीं करके सभी समाजों के लोगों की मौजूदगी में करवाने की रणनीति पर काम किया है। प्रदेश में इसी साल विधानसभा चुनाव भी हैं, इसलिए यह आम जनसभा होगी, जिसे पीएम संबोधित करेंगे।

# बजट में आम आदमी, मध्यम वर्ग, गरीब कल्याण, सुरक्षा, किसान, आत्मनिर्भर नौजवान, जनजाति इन तमाम वर्गों का खासतौर पर ध्यान दिया गया: राज्यसभा सांसद मोदी





**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** राज्यसभा सांसद और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी रविवार को जयपुर दौरे पर रहे। जिन्होंने कहा कि अन्य देशों की तुलना में भारत काफी मजबूत स्थिति में हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुशील ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि आज भारत में जो महंगाई है, वह अंतरराष्ट्रीय कारणों से हैं। अमेरिका, यूके, जर्मनी, फ्रांस के हाल खराब हैं, पाकिस्तान में दो सौ पर्सेंट महंगाई है।

हमारी केंद्र सरकार ने महंगाई को कंट्रोल किया हैं। आज दुनिया में सबसे कम महंगाई सिर्फ भारत में है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में पेट्रोल-डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी महंगाई का प्रमुख कारण है। केंद्र सरकार ने पिछले 3 साल में पेट्रोल डीजल के दामो में दो से तीन बार कमी की है। सुशील मोदी ने कहा कि रूस और यूक्रेन जंग की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ गई हैं। लेकिन भारत सरकार अमेरिका के दबाव के बावजूद और रूस से सस्ता तेल खरीदकर देश के लोगों को राहत पहुंचा रही है। जिससे दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत में तेल की कीमतों में उतनी बढ़ोतरी नहीं हुई। आने वाले दिनों में पेट्रोल, डीजल की कीमत में गिरावट आएगी।

### देश को विकसित बनाने का लक्ष्य

भाजपा सांसद ने कहा कि पीएम मोदी रेवड़ियां बांटने में विश्वास नहीं रखते। उन्होंने केंद्र के बजट को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री का देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य है। आम बजट में 43 करोड़ मध्यम वर्गीय परिवार के लोगों को इनकम टैक्स में छूट दी गई है। देश के 80 करोड़ लोगों को 1 साल तक मुफ्त अनाज दिया जाएगा। बजट में पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए भी कदम उठाया गया है। 15 साल से पुरानी गाड़ियां 1 अप्रैल से सड़कों पर चलना बंद हो जाएंगी। अभी तक सबसे बड़ा बजट रेलवे को दिया गया है। जिससे विकास के साथ-साथ रेल हादसों पर लगाम लग सके।



सुशील मोदी ने राज्यपाल कलराज मिश्र से भी मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को पुस्तक- संकल्प से सिद्धि भेंट की। सांसद ने अग्रवाल पीजी कॉलेज में केंद्रीय बजट पर फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित चर्चा में व्यापारियों और युवाओं कों केंद्र के बजट के बारे में समझाया और भट्टारकजी की नसियां में भी बजट पर कार्यक्रम में भाग लिया।

### LIC और SBI दफ्तरों के बाहर कांग्रेस का हल्ला बोल

# सरकारी संस्थाओं में अडाणी के इन्वेस्टमेंट पर कांग्रेस मुखर




**जयपुर (हिलव्यू समाचार)।** एलआईसी, एसबीआई सहित सरकारी संस्थाओं में अडाणी सहित कई निजी समूहों के निवेश के खिलाफ और केंद्र की नीतियों के विरोध में सोमवार को कांग्रेस सड़कों पर नजर आई। प्रदेश कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ताओं ने एलआईसी और एसबीआई कार्यालयों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। जयपुर सहित प्रदेश के सभी जिलों में एलआईसी और एसबीआई कार्यालयों के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मोदी सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। राजधानी जयपुर में अम्बेडकर सर्किल स्थित एलआईसी मुख्यालय के बाहर धरना दिया गया। कैबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, जलदाय मंत्री महेश जोशी, विधायक अमीन कागजी, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल, मेयर मुनेश गुर्जर, अर्चना शर्मा, ललित तूनवाल, पुष्पेंद्र भारद्वाज, सीताराम अग्रवाल समेत कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मोदी-अडाणी का गठजोड़ सबके सामने

इस दौरान मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मोदी सरकार और अडाणी पर सबसे बड़े घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा कि देश की जनता के चार लाख करोड़ रुपए अडाणी की कम्पनियों के शेयर्स में बर्बाद हो गए। सब कुछ शीशे की तरह साफ हो गया है, मोदी-अडाणी का गठजोड़ सबके सामने है। अडाणी, बाबा रामदेव की कम्पनियों को केंद्र की भाजपा सरकार गैर कानूनी तरीके से मदद कर रही है। वहीं मंत्री महेश जोशी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपने शासन काल में केवल अपने उद्योगपति मित्रों को ही लाभ दिया है।

## सम्पादकीय

# हिंडनबर्ग के निशाने पर अदाणी, समाज में कारोबारियों के विरुद्ध फैली संदेह और द्रोह की भावना हुई उजागर

**जानी**-मानी अमेरिकी सट्टेबाज कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च के नाटकीय हमले ने भारत के सबसे तेज रफ्तार से बढ़ते अदाणी समूह के कदमों को रोक दिया है। हिंडनबर्ग कंपनी की रिपोर्ट के एक हफ्ते के भीतर अदाणी समूह का बाजार मूल्य गिरकर लगभग आधा रह गया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों से अदाणी समूह को दिए गए कर्जों का हिसाब मांगा है ताकि यह तय किया जा सके कि कर्जे क्या गिरवी रखकर दिए गए हैं। जेफरीज और सोसियते जनराल जैसी ब्रोकरेज कंपनियों की रिपोर्ट के अनुसार अदाणी समूह की कंपनियों को दिया गया कर्ज भारतीय बैंकों द्वारा दिए गए कुल कर्ज के केवल आधे प्रतिशत के ही बराबर है। फिर भी रिजर्व बैंक शायद यह देखना चाहता है कि कर्जे यदि शेयर गिरवी रखकर दिए गए हैं तो क्या वे शेयरों के गिरते दामों को देखते हुए सुरक्षित हैं?

इस बीच नेशनल स्टाक एक्सचेंज ने अदाणी एंटरप्राइजेज, अदाणी पोर्ट्स और अंबुजा सीमेंट के शेयरों के सौदों पर पूरी रकम अदायगी का नियम लगा दिया है ताकि सट्टे पर रोक लग सके। बांड बाजार में अदाणी समूह की कई कंपनियों के बांड के दाम 40 प्रतिशत तक गिर गए हैं। इसके बाद क्रेडिट सुइस और सिटीबैंक जैसे कुछ अंतरराष्ट्रीय बैंकों ने इन बांडों को गिरवी रखकर पैसा देना बंद कर दिया है। हालात को देखते हुए समूह को 20 हजार करोड़ के एफपीओ को रद करते हुए निवेशकों को उनका पैसा लौटाना पड़ा है।



अदाणी समूह का कहना है कि शेयरों की मांग जारी किए जा रहे शेयरों से ज्यादा थी, लेकिन यह मांग धनी निवेशकों, उद्योगपतियों और संस्थागत निवेशकों की तरफ से आई। आम निवेशकों ने उनके लिए निर्धारित शेयरों में से केवल 11 प्रतिशत खरीदने की ही हिम्मत दिखाई। यहां तक कि अदाणी समूह के कर्मचारी भी उनके लिए रखे शेयरों का केवल 53 प्रतिशत ही लेने को तैयार हुए। अदाणी समूह ने अगले पांच वर्षों में अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज, अदाणी एयरपोर्ट और अदाणी रोड ट्रांसपोर्ट जैसे पांच आइपीओ लाने की योजना भी बना रखी थी। हिंडनबर्ग हमले ने इन सब पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

नए उद्यमों के अधिग्रहण, विकास और उन्हें मुनाफा कमाने लायक बनाने के लिए अदाणी को निरंतर नई पूंजी की जरूरत पड़ती रही है, जो बंदरगाहों, सीमेंट कारखानों, खदानों और बिजलीघरों के मुनाफे से पूरी नहीं की जा सकती थी। इसलिए समूह ने बैंकों से कर्ज लेकर, अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बांड बेचकर और बड़े विदेशी निवेशकों को हिस्सेदारी बेचकर पूंजी बटोरी। कारोबार फैलाने के लिए पूंजी बटोरने की प्रक्रिया का परिणाम यह हुआ कि समूह का कर्ज उसकी करीब दो लाख करोड़ की आय से भी ऊपर चला गया, पर मुनाफा केवल 475 करोड़ रुपये ही रहा। इतने कम मुनाफे के बावजूद अदाणी समूह के दाम इतनी तेजी से बढ़ने का एक कारण इन कंपनियों के 72.6 प्रतिशत से अधिक शेयरों का प्रमोटर या मालिकों के हाथों में होना है। केवल 15.39 प्रतिशत शेयर विदेशी निवेशकों और मात्र 6.53 प्रतिशत शेयर आम लोगों के पास हैं। इतने कम शेयर लेनदेन में रहने के कारण उनके दामों में उतार-चढ़ाव का जोखिम ज्यादा रहता है।

एक सूचीबद्ध कंपनी के मालिक 75 प्रतिशत से ज्यादा शेयर अपने पास नहीं रख सकते। हिंडनबर्ग रिसर्च की आलोचना का एक बिंदु यह भी है कि अदाणी समूह अधिकतम सीमा के पास शेयर अपने पास रखकर कंपनी को कुनबाशाही की तरह चलाता है जिसमें अपेक्षित पारदर्शिता नहीं। अदाणी की निजी संपत्ति के तेजी से बढ़ने का सबसे बड़ा कारण कोविड की मंदी के बावजूद उनकी कंपनी के शेयरों में आश्चर्यजनक तेजी आना और कंपनियों के 72.6 प्रतिशत शेयरों का उनके पास होना था। यूरोपीय और अमेरिकी कारोबारी जगत में कुनबाशाही और साठगांठ को अच्छा नहीं माना जाता। जबकि यह भारतीय समाज और राजनीति के स्वभाव में है जिसका कारोबार में झलकना स्वाभाविक है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के कई सवाल अदाणी समूह के कामकाज में दिखती इसी गड़बड़ी की बात करते हैं।

जो भी हो, देश की कारोबारी साख को बनाए रखने के लिए ऐसे सवालों का संतोषजनक उत्तर देना बहुत जरूरी है। उससे भी जरूरी उन सवालों की पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष छानबीन कराना है जो हिंडनबर्ग ने विदेश में स्थित फर्जी कंपनियों के माध्यम से शेयर सौदों में और खातों में हेराफेरी को लेकर उठाए हैं। ये आरोप 15 साल पुराने सत्यम कंप्यूटर घोटाले और उससे भी पुराने एनरान घोटाले की याद भी दिलाते हैं। देश की कारोबारी व्यवस्था की साख बनाए रखने के लिए इनकी गहन पड़ताल जरूरी है। इसमें कोई दोराय नहीं कि हिंडनबर्ग कोई भारत-मित्र नहीं है। वह एक सट्टेबाज कंपनी है जो तेज तरक्की की रफ्तार पर सवार कंपनियों की आसमान छूती कीमतों और प्रबंधकीय गडबड़ियों का भय फैलाकर पैसे बनाती है। उसकी रिपोर्ट से भारत के निवेशकों को लगभग दस लाख करोड़ की चपत लग चुकी है। बहुत संभव है कि उसकी आड़ में तीर कोई और चला रहा हो, परंतु उसने सवाल वही उठाए हैं जिन्हें भारत में बहुत पहले उठाया जाना चाहिए था।

अदाणी समूह पर हिंडनबर्ग के हमले ने जो सबसे चिंताजनक बात उजागर की है वह है समाज में कारोबारियों और उद्यमियों के विरुद्ध फैली संदेह, ईर्ष्या और द्रोह की भावना जो देश की उन्नति में सहायक नहीं है। यूरोप और अमेरिका में भी कारोबारी घोटालों का लंबा इतिहास है। फिर भी वहां उद्यम-कारोबार को बड़े सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है, क्योंकि उद्यमी अपने साथ-साथ कई दूसरों को काम देकर उनकी भी उन्नति का जरिया बनते हैं। लोग उद्यमी-कारोबारी को उन्नति करता देख खुद भी वैसी सफलता हासिल करने की सोचते हैं। उन्हें लुटेरा और शोषक मानकर उनसे ईर्ष्या नहीं करते। भारतीय समाज में भी उद्यम-कारोबार का वैसा ही आदर होता था, लेकिन अब नहीं। इसका एक कारण आर्थिक विषमता हो सकती है, परंतु वह तो यूरोप और अमेरिका में भी है। पिछली सदी के छठे और सातवें दशक की फिल्मों का भी उद्यमियों की नकारात्मक छवि बनाने में योगदान रहा है।

# टॉय डिज़ाइनिंग में बनाएँ करिअर

भारत में खिलौना उद्योग लगातार आगे बढ़ा है. माना जा रहा है कि देश के खिलौना उद्योग में 2024 तक 2-3 अरब डॉलर तक बढ़ने की क्षमता है. भारतीय खिलौना उद्योग अनुमानतः 1.5 अरब डॉलर का है. इसकी वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 0.5 प्रतिशत है. वैश्विक औसत 5 फीसदी के मुकाबले घरेलू खिलौनों की मांग 10-15 फीसदी बढ़ने का अनुमान है. इस दिशा में भारत उम्मीद से भी ज्यादा तेजी से काम कर रहा है. आप में अगर रचनात्मकता और बच्चों से लगाव है तो आप टॉय डिजाइनिंग एवं मेकिंग में बेहतरीन करिअर बना सकते हैं. टॉय डिजाइनर खिलौनों के डिजाइन बनाने के साथ उनके निर्माण में भी अहम रोल अदा करते हैं. खिलौना डिजाइनरों का काम खिलौने की ड्राइंग, स्केचिंग या अवधारणा का कंप्यूटर मॉडल बनाने से शुरू होता है. इसके बाद यह तय किया जाता है कि प्रत्येक घटक को कैसे बनाया जायेगा और फिर खिलौने का एक प्रोटोटाइप बनाया जाता है. वे दो बाजार क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए खिलौने डिजाइन करते हैं. पहला बच्चे जो इसके साथ खेलते हैं और दूसरा वे ग्राहक जो खिलौनों के संग्रहकर्ता हैं. बच्चों के टीचर और गाड़ियों से लेकर रिमोट कंट्रोल कार, हेलीकॉप्टर, जानवर, रोबोट, डिजाइनर बोर्ड गेम, मोटर स्किल डेवलप करने वाले खिलौनों तक एक बड़ी सूची है जिसे टॉय डिजाइनर तैयार करते हैं.





## स्वयं का आउटलेट...

आप किसी टॉय मेकिंग कंपनी में इंटरर्नशिप और उसके बाद जॉब शुरू कर सकते हैं. खिलौना डिजाइनर स्वतंत्र रूप से भी काम कर सकते हैं. अपनी खुद की खिलौना निर्माण इकाई शुरू कर सकते हैं. इस स्थिति में खुद डिजाइन बनाकर अपने विचार के अनुकूल खिलौने बना सकते हैं. फिर उन्हें या तो रिटेलर के साथ लिंक बनाकर या अपने स्वयं के आउटलेट का प्रबंधन करके अपने तैयार उत्पादों के लिए एक बाजार खोजना होगा. टॉय डिजाइनर खिलौने के निर्माण के बारे में किताब भी लिख सकते हैं और किसी संस्थान में प्रशिक्षक भी बन सकते हैं. थीम आधारित खिलौनों पर बच्चों के कमरे और प्ले स्कूल डिजाइन करने के लिए इंटीरियर डिजाइनरों के साथ खाम कर सकते हैं.

## बाल मन को छूने वाली कल्पना जरूरी

खिलौना डिजाइन की प्रकृति बहुआयामी है. यह एनिमेशन और मानव मनोविज्ञान के इर्द-गिर्द घूमता है. आप अगर दिल से बच्चे हैं और रचनात्मक रुझान रखते हैं तो आप बतौर टॉय डिजाइन करिअर बना सकते हैं. आपको खिलौना डिजाइनर के तौर पर छोटे बच्चों से लेकर किशोरों तक के रुझान और जरूरतों को समझना होगा. विभिन्न आयु समूहों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खिलौने डिजाइन करना होगा. इस क्षेत्र में करिअर बनाने के लिए ग्राफिक डिजाइन, यांत्रिक ड्राइंग और रंगों के उपयोग का ज्ञान आवश्यक है. खिलौना डिजाइनर प्रत्येक आयु स्तर की आवश्यकता का निर्धारण करने के लिए बाल विशिषज्ञों के साथ काम कते हैं और प्रत्येक समूह के लिए उपयुक्त खिलौने बनाते हैं. खिलौना डिजाइनरों की सफलता बाजार को समझने व सुंदर, मनोरंजक, कल्पनाशील और सुरक्षित खिलौने विकसित करने की उनकी क्षमता पर निर्भर करती है.

## ऐसे बढ़ें इस क्षेत्र में आगे

विशेष तौर पर टॉय डिजाइनिंग के कोर्स अभी बहुत कम संस्थान करते हैं लेकिन ग्राफिक डिजाइन, इंडस्ट्रियल डिजाइन या कार्टून एवं एनिमेशन डिजाइन की पृष्ठभूमि वाले लोग इस क्षेत्र में अच्छा करिअर बना सकते हैं. खिलौना डिजाइन की कैड टेक्नोलॉजी का अच्छा ज्ञान होना चाहिए. तकनीक से संबंधित टॉय के निर्माण के लिए इंजीनियरिंग फील्ड के लोगों की जरूरत होती है. इन सबके साथ इलेस्ट्रेशन एवं ड्राइंग स्किल और सॉफ्ट स्किल और सेंस ऑफ फन जरूरी है. खिलौना डिजाइनर के लिए सबसे आवश्यक है एक बड़ा कल्पना संसार. इस क्षेत्र में रहने के लिए व्यक्ति को रेखाचित्र बनाने या चित्र बनाने की कला आनी चाहिए. आपके पास रचनात्मकता, बच्चों से प्यार करने के साथ-साथ खिलौनों और खेलों के लिए जुनून और नये आविष्कारों के लिए लगन होनी चाहिए.

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की दौड़ में बहुत से अभ्यर्थी ऐसे होते हैं जो प्रीलिम्स में बार-बार फेल होते हैं. कुछ अपने पहले व दूसरे प्रयास में प्रीलिम्स में फेल होने के बाद यू टर्न लेने की सोचने लगते हैं. अपने पहले प्रयास में यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा क्रैक करने वाले वात्सल्य शर्मा ने इन अभ्यर्थियों को बेहद काम की सलाह दी है. वात्सल्य वर्तमान में डीआरडीओ में असिस्टेंट डायरेक्टर हैं. वात्सल्य का कहना है कि प्रीलिम्स में फेल होने पर यह जरूर सोचना चाहिए कि ऐसा क्यों हुआ और कहां कमी रह गई.

# प्रीलिम्स में फेल होने पर जरूर सोचें



**सक्सेस Story**

वात्सल्य ने कहा, 'बहुत से अभ्यर्थियों का रिजल्ट पहली बार निगेटिव आता है या कुछ का बार-बार निगेटिव आ रहा होता है. वह सोचते हैं कि मैं इस परीक्षा के लायक हूं या नहीं. मेरी उम्र 30 या 32 साल हो गई है. ये तमाम सवाल सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि क्या मुझे इस लाइन में बने रहना चाहिए या नहीं. इसके दो ही उत्तर बनते हैं - हां, मैं इसके प्रति समर्पित हूं, मुझे यही करना है. मैं ऐसे कई लोगों को जानता हूं जिन्होंने 8वें-9वें अटेम्प्ट में यूपीएससी क्रैक किया. कइयों ने पहली अटेम्प्ट में क्लियर किया. अगर आपका उत्तर न है कि मुझे अभी यूपीएससी के बारे में नहीं सोचना है तो इसके दो रास्ते हैं- एक जैसे आपका कोई निश्चित करिअर है, जिसे आप आज ही जाकर कंटीन्यू कर सकते हैं. जैसे आपने जर्नलिज्म, लॉ या एमबीबीएस कर रखा है तो आप तुरंत करिअर बहाल कर सकते हैं. दूसरा यह हो सकता है कि कोई दूसरी जॉब लेकर यूपीएससी की तैयारी करते रहें.'

## सुबह का समय ऑप्शनल की तैयारी में दें

वात्सल्य ने कहा, 'फैक्ट आने पर देखें कि वे एकुरेट है या नहीं. तैयारी में प्रीलिम्स, मेन्स व इंटरव्यू तीनों की रणनीति बनानी चाहिए. अपनी कमजोरी पर काम करें. मॉक टेस्ट सबसे अच्छा दोस्त होता है. पूरा समर्पित होकर उसे देते रहें. मैं देखता हूं कि बच्चे सबसे पहले सुबह उठकर न्यूजपेपर पढ़ते हैं. मुझे लगता है कि न्यूजपेपर रीडिंग जरूरी है लेकिन यह हाई एनर्जी डिमांडिंग एक्टिविटी नहीं है. हाई एनर्जी डिमांडिंग एक्टिविटी ऑप्शनल की तैयारी करना होता है मेरे हिसाब से. उठते ही आप ऑप्शनल की तैयारी कर सकते हैं. मैं उठते ही तीन साढ़े तीन घंटे ऑप्शनल पढ़ता था. उसके बाद आप प्रीलिम्स के मॉक टेस्ट की प्रैक्टिस करें. मार्केट से कहीं से कंटेंट उठा लीजिए, प्रैक्टिस करने लग जाएं. छह माह बाद आपका ऑप्शनल कवर हो जाएगा.'

## अधिक से अधिक मॉक टेस्ट सॉल्व करें

वात्सल्य ने कहा, 'अगर आप निगेटिव रिजल्ट आने के बाद फैसला करते हैं कि फिर से यूपीएससी देना है तो सबसे पहले फेल क्यों हुए, इस पर विश्लेषण करना जरूरी है.
ऐसा क्यों हुआ, यह जरूर सोचना चाहिए. क्या मेरा नॉलेज बेस कम था, सभी सवालों को ठीक से नहीं पढ़ पाया, सिल्ली मिस्टेक बहुत की थी, ओवर अटेम्प्ट कर दिया सिर्फ इसलिए कि आपको गट फीलिंग आ रही थी. सबसे पहले अधिक से अधिक मॉक टेस्ट सॉल्व करें कि आपके दिमाग में खाका बनने लगे. पिछले सालों के पेपर सॉल्व करें. ऑनली वाले प्रश्न सॉल्व करें.

# मनोविज्ञान फील्ड में हैं कई ऑप्शन



मनोविज्ञान सेक्टर में विशेषज्ञता और रुचियों के आधार पर मनोविज्ञान डिग्री धारकों के लिए कई अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं. मनोविज्ञान का कोर्स करने के बाद छात्र पब्लिक और प्राइवेट हेल्थ केयर, एजुकेशन, मेंटल हेल्थ स्पोर्ट्स, सोशल वर्क, थेरेपी एंड काउंसलिंग जैसे कई सेक्टर में करिअर बना सकते हैं.

### चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक

एक चार्टर्ड मनोवैज्ञानिक के तौर पर आप व्यावसायिक मनोविज्ञान, शैक्षिक मनोविज्ञान, खेल और मानसिक स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं. यहां आप सभी पृष्ठभूमि के लोगों, रोगियों और क्लाइंट के साथ काम कर सकते हैं.



### मनोचिकित्सक

आप अपने क्लाइंट्स को भावनात्मक और रिश्ते से संबंधित मुद्दों, तनाव और यहां तक कि व्यसन सहित मनोवैज्ञानिक परेशानियों को दूर करने में मदद कर सकें. इनमें संज्ञानात्मक व्यवहार विधियां, मनोविश्लेषणात्मक और मनोगतिक चिकित्सा, साथ ही कला चिकित्सा, नाटक चिकित्सा, ह्यूमनिस्टिक और एकीकृत मनोचिकित्सा, सम्मोहन-मनोचिकित्सा और अनुभवात्मक चिकित्सा शामिल हैं.

### समाज सेवक

सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में आपको ऐसे लोगों की स्थितियों में सुधार लाने के लिए काम करना होगा जो अपने जीवन में कठिन दौर से गुजर रहे हैं. ये कोई भी हो सकते हैं जैसे बच्चे या बुजुर्ग या अन्य कोई ग्रुप, विकलांग, अपराध और दुर्व्यवहार के शिकार लोगों सहित अन्य कई.

अंतरिक्ष

विज्ञान में दिलचस्पी रखने वाले युवाओं के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) ने अंतरिक्ष जिज्ञासा नामक ऑनलाइन स्टडी प्लेटफॉर्म लांच किया है. यह एक वर्चुअल प्लेटफॉर्म है जिसमें कुल 7 ऑनलाइन प्रोग्राम दिये गए हैं. इन प्रोग्राम्स में युवाओं के लिए लगभग 42 वीडियो लेक्चर एवं 113 नॉलेज रेपोसिट्री है. आप अगर स्पेस की गहराइयों को समझने की इच्छा रखते हैं तो अंतरिक्ष जिज्ञासा प्लेटफॉर्म पर लॉगइन कर सकते हैं.

# अंतरिक्ष की गहराइयां मापें इसरो दे रहा भरपूर मौका

इस प्लेटफॉर्म पर युवा विज्ञान, तकनीक, प्रौद्योगिकी व गणित विषयों के माध्यम से स्पेस की गहराई को समझ सकेंगे. इसके लिए अभ्यर्थी को अंतरिक्ष जिज्ञासा की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्टर करना होगा. इसके जरिये युवा स्पेस को वर्चुअली एक्सप्लोर कर सकेंगे. एक नजर अंतरिक्ष जिज्ञासा पर दिये गए कोर्सेज पर...



### स्पेस क्विज

यह एक ऑनलाइन क्विज प्रोग्राम है. इसरो द्वारा समय-समय पर इस प्रोग्राम की घोषणा की जाती है. इसमें छात्रों को ऑनलाइन क्विज में हिस्सा लेना होता है और पासिंग स्कोर प्राप्त करने होते हैं. इस क्विज प्रोग्राम में पार्टिसिपेट करने वाले छात्रों को इसरो की ओर से सर्टिफिकेट दिया जाता है.

### स्पेस वार्ता

स्पेस वार्ता प्रोग्राम के तहत वैज्ञानिक अंतरिक्ष विज्ञान, टेक्नोलॉजी, एप्लीकेशंस के विशिष्ट क्षेत्रों से संबंधित वैज्ञानिक अवधारणाओं, उनके सिद्धांतों, किसी स्पेस मिशन के दौरान आने वाली मुश्किलों व सिस्टम को लागू करने से जुड़े अनुभवों को साझा करते हैं. यह एक इंटरेक्टिव कार्यक्रम है. अधिक से अधिक लर्नर इस प्रोग्राम का हिस्सा बन सकें, इसके लिए प्रोग्राम के लाइव सेशंस को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर भी उपलब्ध कराया जाता है. प्रोग्राम में हिस्सा लेने वाले रजिस्टर्ड लर्नर कोर्स के दौरान अपने प्रश्न पोस्ट कर सकते हैं और एक्सपर्ट से उनके जवाब प्राप्त कर सकते हैं. स्पेस वार्ता पर अगला प्रोग्राम 11 फरवरी, 2023 को शाम 4 से 5 बजे तक पेश किया जायेगा. इस प्रोग्राम का टॉपिक 'द जर्नी ऑफ ए सैटेलाइट इन स्पेस वेदर' होगा.

### अंतरिक्ष नवाचार व स्पार्क

अंतरिक्ष जिज्ञासा प्लेटफॉर्म पर अंतरिक्ष नवाचार व स्पार्क प्रोग्राम भी उपलब्ध हैं. अंतरिक्ष नवाचार में छात्र अपने विचार, मॉडल, सॉफ्टवेयर, तकनीक, समस्या-समाधान विचार, शोध परिणाम और अन्य रचनात्मक चीजों को प्रस्तुत कर सकते हैं. इसरो समय-समय पर उनकी क्रिएटिविटी का मूल्यांकन करेगा. स्पार्क इस रो का पहला 3डी वर्चुअल स्पेस पार्क है. इस पार्क में संग्रहालय, थिएटर, लाइफ-साइज रॉकेट वाला बगीचा, झील के किनारे कैफे, वेधशाला और बच्चों के खेलने का मैदान शामिल है. अन्य जानकारी के लिए देखें : jigyasa.lirs.gov.in/

### स्काईपिक्स

यह बच्चों के लिए एक क्रिएटिव प्लेटफॉर्म है जो उन्हें एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोफिजिक्स और स्पेस से जुड़ी रचनात्मकता और कल्पना के दर्शाने का मौका देता है. स्काईपिक्स पर यंग लर्नर्स अपनी क्रिएटिव फोटोग्राफी, स्केच, ड्राइंग्स व वीडियो शेयर कर सकते हैं. बच्चों द्वार शेयर किये गए क्रिएटिव मटीरियल का इसरो द्वारा मूल्यांकन किया जाता है और सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुतियों को पुरस्कृत भी किया जाता है.

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)



**एडमिशन ALERT**

**कोर्स:** पत्रकारिता और जनसंचार में डिप्लोमा

योग्यताः किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री रखने वाले उम्मीदवार इस कोर्स के लिए प्रवेश फॉर्म भरने के पात्र हैं. कोर्स की अवधि 1 वर्ष है.

**कोर्स का मोड:** नया पत्रकारिता डिप्लोमा पाठ्यक्रम ऑनलाइन मोड और 3 भाषाओं अंग्रेजी, हिंदी और तमिल में उपलब्ध है.

वेबसाइटः www. gnouiop.samarth.edu.in

## एनएमआईएमएस स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (एसओपीए)

**कोर्स:** बीए म्यूजिक कोर्स

योग्यताः उम्मीदवारों को न्यूनतम 50 फीसदी के साथ किसी भी स्ट्रीम में कक्षा 12 या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है.

चयन प्रक्रियाः छात्रों का चयन उनकी ओर से अपलोड किए गए 2-5 मिनट के असूचीबद्ध और संपादित यूट्यूब वीडियो के आधार पर किया जाएगा. शॉर्टलिस्ट कैंडिडेट को ऑनलाइन ऑडिशन के लिए बुलाया जाएगा.

वेबसाइट : Performingarts.nmims.edu

## कोटक कन्या स्कॉलरशिप 2023

**स्कॉलरशिप ALERT**

कोटक महिंद्रा कंपनी समूह ने छात्राओं को 1.5 लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार वाले स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए ऑनलाइन एप्लीकेशन फार्म आमंत्रित किया है. कोटक एजुकेशन फाउंडेशन(KEF) उन छात्राओं के लिए काम करता है जिन्होंने कक्षा 12वीं, 10वीं और स्नातक आदि मेधावी ग्रेड के साथ उत्तीर्ण किए हैं. यह कोटक कन्या स्कॉलरशिप 2023 विशेष रूप से उन छात्राओं को प्रदान किया गया है जो अपनी संबंधित परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करती हैं और अब MBBS, इंजीनियरिंग, आर्किटेक्चर, LLB आदि में अपने पेशेवर डिग्री पाठ्यक्रम को आगे बढ़ाने की इच्छुक हैं. जिन छात्राओं ने अपनी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 85% के बराबर या CGPA स्कोर किया है वे इसके लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकती हैं.

एक नज़र

## विवादित बयान देने के मामले में बाड़मेर में एफआईआर दर्ज



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। प्रदेश के बाड़मेर जिले के चौहटन थाने में रविवार को एक स्थानीय व्यक्ति ने योग गुरु स्वामी रामदेव के खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। चौहटन थानाधिकारी भूताराम ने बताया कि स्थानीय निवासी पठाई खान ने रविवार को योग गुरु बाबा रामदेव पर धार्मिक भावनाएं भड़काने संबंधी मामला दर्ज करवाया है।

उन्होंने बताया कि दर्ज शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153 (ए), 295 (ए) और 298 के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। योग गुरु रामदेव ने गुरुवार को बाड़मेर में संतों की एक सभा में ने हिंदू धर्म की तुलना इस्लाम और ईसाई धर्म से करते हुए मुस्लिमों पर आतंक का सहारा लेने और हिंदू लड़कियों का अपहरण करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि ये दोनों धर्म इस्लाम व ईसाई पर धर्मांतरण का जुनून सवार था, जबकि हिंदू धर्म अपने अनुयायियों को अच्छा जीवन जीना सिखाता है। अब कोई मुसलमान से पूछे कि आपका धर्म क्या कहता है। वह कहेगा कि बस पांच बार नमाज पढ़ो फिर जो मन में आए वह करो।

## नर्सेज ने 11 सूत्री मांगों पर किया कैंडल मार्च



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। 11 सूत्री मांगों को लेकर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन ने कैंडल मार्च निकाला। एसएमएस अस्पताल के गेट नंबर 3 से यह मार्च निकाला गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम मीणा ने बताया कि नर्सेज की लंबित मांगों को जल्द पूरा किया जाए। अगर बजट में मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो नर्सेज आंदोलन की राह पर उतरेंगे। मार्च में अशोक सपोटरा, मुनिराज मीणा राकेश सैनी आदि मौजूद रहे।

**समापन:** प्रधानमंत्री मोदी ने लाइव देखा सांसद राज्यवर्धन सिंह की ओर से आयोजित जयपुर महाखेल

# 32 मैदानों पर 512 पुरुषों और 128 महिलाओं ने दिखाया दमखम

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। जयपुर ग्रामीण सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ की ओर से आयोजित जयपुर महाखेल का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह वैशालीनगर स्थित चित्रकूट स्टेडिम में हुआ। फाइनल समारोह में सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले हुए।

समारोह में वर्चुअल जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बालिका वर्ग के कबड्डी मैच को लाइव देखा। इस दौरान राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि देश में खेलों के प्रति लगातार रुझान बढ़ रहा है। राजनीति में आने के बाद करीब दो वर्ष तक सभी की राय जानने के बाद 2017 में जयपुर महा खेल शुरू किए। आज देश के 200 से अधिक सांसद इस तरह के खेल आयोजित करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी सांसदों, विधायकों और जनप्रतितिनिधियों को इस तरह के खेल आयोजित कराने चाहिए, ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके।

खेलों को लेकर सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने बताया कि जयपुर महा खेल के तहत जयपुर ग्रामीण लोकसभा की कोटपूतली, बानसूर, जमवारामगढ़, झोटवाड़ा, विराट नगर, आमेर, शाहपुरा और फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के 32 खेल मैदानों पर 512 पुरुषों और 128 महिलाओं की टीमें हिस्सा लिया है। इनमें लगभग 6 हजार से ज्यादा खिलाड़ी शामिल हुए हैं। जयपुर महाखेल समापन कार्यक्रम में विधायक निर्मल कुमावत, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष राव राजेन्द्र सिंह, पूर्व मंत्री राजपाल सिंह शेखावत, सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व विधायक फूलचंद भिण्डा, जगदीश मीणा, पैरा ओलंपिक खिलाडी देवेंद्र झाझड़िया सहित जयपुर ग्रामीण के मण्डल अध्यक्ष, पदाधिकारी-कार्यकर्ता मौजूद रहे।




### विजेता टीमों को दिया पुरस्कार

आखिरी दिन झोटवाड़ा, आमेर और फुलेरा टीमों के बीच फाइनल मुकाबले हुए, जिसमें पुरुष वर्ग में फुलेरा और महिला वर्ग में झोटवाड़ा की टीमें रही विजेता। राठौड़ ने बताया- कि महिला और पुरुष टीमों के प्रत्येक विधानसभा में विजेता रहने वाली टीमों को 21000, रनरअप टीमों के लिए 11000 रुपए, लोकसभा स्तर पर महिला और पुरुष विजेता टीमों को 51000 रुपए रनरअप टीम को 31000 रुपए से सम्मानित किया गया।

**पेपर लीक मामला:** धरने पर बैठे थे राज्यसभा सांसद मीणा

# बारहवें दिन बनी बात, किरोड़ी ने स्थगित किया आंदोलन

■ सात दिन में कमेटी करेगी मांगों पर विचार और जांच

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर**। पेपर लीक प्रकरणों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर चल रहा भाजपा राज्यसभा सांसद किरोड़ी लाल मीणा का आंदोलन शनिवार को 7 दिन के लिए स्थगित हो गया। वह गत 12 दिन से जयपुर के आगरा रोड पर धरना दे रहे थे। आंदोलन को स्थगित करने से पहले किरोड़ी और गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव के बीच वार्ता हुई। इसके बाद किरोड़ी ने आंदोलन को आगामी सात दिनों के लिए स्थगित कर दिया। वार्ता में किरोड़ी ने 4 मांगें रखी, जिन पर मिले आश्वासन के बाद किरोड़ी ने यह फैसला लिया।



**यह थी मांग:** वार्ता में किरोड़ी ने कांस्टेबल, आरएएस, वरिष्ठ अध्यापक भर्ती परीक्षा समेत 16 परीक्षाओं के पेपर लीक प्रकरणों की जांच की मांग रखी। वहीं दूसरी मांग राजस्थान में सरकारी नौकरियों में प्रदेश के युवाओं को 95 फीसदी आरक्षण को लेकर रखी। इस पर मंत्री ने कहा कि सरकार इस पर हाईकोर्ट के निर्णय के बाद विचार करेगी। तीसरी मांग 28 हजार सीएचए संविदा कर्मियों की बहाली को लेकर रखी और चौथी मांग किरोड़ी ने भर्ती परीक्षा में दूसरे राज्यों की फर्जी डिग्रियों को रोकने को लेकर रखी। इन सभी मांगों पर मंत्री राजेंद्र सिंह ने आश्वासन दिया है कि डीजीपी उमेश मिश्रा की अगुवाई में जांच कमेटी इन सभी मामलों की जांच करेगी और 7 दिन बाद सांसद मीणा से फिर वार्ता करेगी। तब उनके सामने हुई कार्रवाई की रिपोर्ट को रखा जाएगा। जयपुर कमिश्नरेट में किरोड़ी और गृह राज्यमंत्री राजेंद्र यादव के साथ यह बैठक हुई।

### धरनास्थल से रवाना हुए किरोड़ी, समर्थकों व पुलिस में तनातनी

**गत** शनिवार को दोपहर से पहले ही किरोड़ी आंदोलन के 12वें दिन समर्थकों के साथ कूच कर गए। इससे पुलिसकर्मी अलर्ट हो गए। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो समर्थकों और पुलिस के बीच हल्की तनातनी हुई। घाट की गुणी से निकले समर्थक सुरंग को पार कर शहर में प्रवेश कर गए। टनल पार करते ही पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने खुद मौके पर आकर मोर्चा संभाला और किरोड़ी को रोक लिया। इसके बाद दोनों में करीब एक घंटे तक वार्ता का दौर चला। इसके बाद भी जब कमिश्नर से बात नहीं बनी तो किरोड़ी समर्थकों के साथ एमआई रोड शहीद स्मारक की ओर कूच कर गए। यहां पहुंचने से पहले किरोड़ी ने लालटेन और मोमबत्ती लेकर सड़कों पर सरकार को ढूंढने की कोशिश करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान किरोड़ी ने कहा कि राजस्थान की सरकार गायब हो गई है। ऐसे में युवाओं के साथ आज सरकार को ढूंढ रहा हूं, जिससे उनकी मांगों को सरकार तक पहुंचा दूं। किरोड़ी ने सरकार को 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। अगर सरकार मांगों को नहीं मानेगी तो वह फिर से आंदोलन पर उतर आएंगे।

### आर.के. शर्मा बने विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष



**जयपुर**। ऊर्जा विभाग ने आरके शर्मा को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के पद पर नियुक्त किया है। इसके बाद शर्मा ने कार्यभार ग्रहण किया। आरके शर्मा नवम्बर 2020 से जनवरी 2021 तक उत्पादन निगम के निदेशक (परियोजना) के पद पर रहे। इसके बाद जनवरी 2021 से अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक पद का दायित्व संभाल रहे हैं। शर्मा को ऊर्जा एवं विद्युत उत्पादन क्षेत्र में 39 वर्ष से अधिक का अनुभव है।

डॉक्टर्स के बाद अब निजी स्कूल संचालक उतरे बिल के विरोध में

# प्राइवेट स्कूल्स को भी मंजूर नहीं राज्य सरकार की नकेल

हिलव्यू समाचार
**जयपुर।** निजी डॉक्टर्स की तर्ज पर अब प्राइवेट स्कूल्स भी सरकार के प्रस्तावित बिल के विरोध में उतर आए हैं। राइट टू हेल्थ बिल को लेकर जिस तरह डॉक्टर्स ने विरोध जताया था, उसी तरह स्कूल संचालक राजस्थान प्राइवेट एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेटरी अथॉरिटी बिल के नियमों पर सहमत नहीं हैं। बिल के विरोध में प्रोग्रेसिव स्कूल एसोसिएशन के बैनर तले प्रदेश के 25 जिलों के स्कूल संचालक जयपुर में एकत्र हुए। साथ ही आरटीई प्रवेश प्रक्रिया के रूल्स का भी विरोध किया। एसोसिएशन के संदीप बख्शी ने बताया कि सरकार प्राइवेट स्कूलों पर नियंत्रण के लिए जो बिल ला रही है,उसके नियमों से प्राइवेट स्कूल्स संचालक सहमत नहीं है। बिल में प्रावधान है कि कमेटी के खर्चों को चलाने के लिए राजस्थान के प्रत्येक प्राइवेट स्कूल की कुल फीस का 1 प्रतिशत पैसा राज्य सरकार लेगी।




### इन नियमों का विरोध

एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि यदि विनियामक प्राधिकरण किसी विद्यालय पर कोई भी दंड का प्रावधान करता है तो उसकी सुनवाई का अधिकार किसी भी सिविल कोर्ट को करने का हक नहीं होगा। साथ ही शिक्षा विभाग ने नोटिस जारी कर आरटीई के तहत प्री प्राईमरी कक्षाओं में मौजूदा विद्यार्थियों की संख्या की 25 प्रतिशत सीटों पर सत्र 2022-23 में प्रवेश देने का का फरमान जारी किया है जो तुगलकी है।

### नियमों में संशोधन नहीं तो होगा आंदोलन

एसोसिएशन ने सरकार को चुनौती देते हुए कहा कि यदि नियमों में संशोधन नहीं हुआ तो सभी स्कूल्स प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे। फिर भी अगर जरूरत हुई तो सुप्रीम कोर्ट का सहारा लेंगे, क्योंकि अगर बिल में यह नियम लागू हुए तो प्रदेश के सभी जिलों में करीब 70 हजार से अधिक स्कूल बंद होने की कगार पर आ जाएंगे।


### मनमानी रोकने के लिए बिल

गौरतलब है कि सरकार निजी शिक्षण संस्थानों की मनमानी रोकने के लिए रेग्युलेटरी अथॉरिटी बिल लाने जा रही है। प्रदेश में निजी शिक्षण संस्थानों की मनमानी रोकने के लिए राज्य सरकार कोई भी कानून या नियामक आयोग का गठन नहीं कर सकी है। निजी संस्थानों में वसूली जाने वाली मोटी फीस, विद्याथियों पर अनावश्यक तनाव सहित अन्य गड़बड़ी को दूर करने के लिए इस बिल में प्रावधान किए गए हैं।

राजस्थान आवासन मण्डल
हमारा प्रयास - सबको आवास

जयपुर की प्रतिष्ठित
एन.आर.आई. कॉलोनी (राज आंगन)
प्रताप नगर में स्थित अंतरराष्ट्रीय और
अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित

NRI CLUB 21





26 जनवरी, 2023 से मेंबरशिप प्रारंभ

एसोसिएट मेंबर के लिए
मात्र 3 लाख रुपए

कॉरपोरेट मेंबर के लिए
मात्र 5 लाख रुपए
(दो व्यक्ति अधिकतम)

सदस्यता 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर
आवेदन 28 फरवरी, 2023 तक मान्य
ऑफर सीमित समय के लिए

केंद्र व राज्य सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सदस्यता शुल्क में 20 प्रतिशत व जयपुर स्थित आवासन मंडल की योजनाओं के आवंटियों को 10 फीसदी की रियायत।

राजस्थान संवाद

ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य जानकारी के लिए http://www.nriclub21.com वेबसाइट देखें

अधिक जानकारी के लिए: आवासीय अभियंता, सुभाष यादव: 9982 221822, समन्वयक अधिकारी, भारत भूषण जैन: 98283 63615 या शुभम शर्मा: 7976 725792 से संपर्क करें।

साइट पर हेल्पडेस्क की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी

आवास भवन, जनपथ, ज्योति नगर, जयपुर-302005 | वेबसाइट http://urban.rajasthan.gov.in/rhb

**नागौर में श्रद्धा हत्याकांड जैसा मामला आया सामने**

# प्रेम प्रसंग में गई विवाहिता की जान, प्रेमी ने किए शव के टुकड़े

**हिलव्यू समाचार**
**नागौर।** दिल्ली के चर्चित श्रद्धा हत्याकांड की तरह नागौर से भी दिल दहलाने वाला सामने आया है। यहां एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर शव के टुकड़े-टुकड़े कर और इधर-उधर फेंक दिए। जानकारी के अनुसार बालासर निवासी गुड्डी और अनोपाराम के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था।

गुड्डी अपने प्रेमी अनोपाराम पर शादी करने का दबाव बना रही थी। गुड्डी और अनोपाराम दोनों ही शादीशुदा थे, इसलिए अनोपाराम गुड्डी की बात को टाल रहा था, लेकिन ज्यादा दबाव डालने पर अनोपाराम ने प्रेमिका गुड्डी की हत्या कर डाली।

नागौर डीएसपी गीता चौधरी ने बताया कि आरोपी ने कुल्हाड़ी और छुरे से महिला की हत्या कर शव के कई टुकड़े कर दिए। सबूत मिटाने की नियत से आरोपी ने विवाहिता के कपड़े और जूते नागौर शहर के बालवा रोड स्थित केंद्रीय विद्यालय के पीछे फेंक दिए और बाकी शव के टुकड़ों को नागौर पंचायत समिति के डेरवा गांव के बाहर पुराने कुएं में डाल दिए।





### ऐसे खुला मामला

22 जनवरी को गुड्डी अपने मायके बालासर से ससुराल मुंडासर जाने के लिए निकल गई। जब काफी देर बाद वह ससुराल नहीं पहुंची तो परिजनों ने श्री बालाजी थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इधर, किसी ने विवाहिता गुड्डी को उसके प्रेमी अनोपाराम के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर नागौर की तरफ जाते देखा। 22 जनवरी को शाम तीन बजे के बाद गुड्डी का फोन भी बंद हो गया। परिजनों की शिकायत पर आरोपी अनोपाराम को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें अरोपी ने हत्या करना कबूल कर लिया।

### कुएं से शव के टुकड़े निकालने में जुटे

पुलिस एसडीआरएफ की टीम की मदद से डेरवा गांव के कुंए से शव के टुकड़ों को निकालने का प्रयास किया गया। नागौर पुलिस सीओ विनोद कुमार सीपा के बताया कि कुएं से शव निकालने का प्रयास कर रहे हैं। कुएं में जलभराव अधिक होने के कारण थोड़ी कठिनाई हो रही है।

## चंबल में मिली बच्ची की लाश

**धौलपुर।** धौलपुर में चंबल नदी में एक नाबालिग बच्ची का शव मिलने से सनसनी फैल गई। लोगों ने नदी किनारे पानी में शव की सूचना पुलिस को दी। कोतवाली थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस लोगों से पूछताछ कर बलिका की पहचान करने में जुट गई है। कोतवाली थाना प्रभारी अनिल जसोरिया ने बताया कि चंबल नदी के पास घूमने वाले लोगों ने रविवार को एक नाबालिग बच्ची की लाश पानी में तैरने की सूचना सागरपाड़ा चौकी में दी थी। इस पर सागरपाड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और उच्च अधिकारियों को सूचना देकर मौके पर बुलाया। गोताखोरों की मदद से शव को नदी से निकालकर आसपास के लोगों से पहचान कराई गई, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई। इसके बाद शव को जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

### एक नज़र

**सेना के बैलून की इमरजेंसी लैंडिंग**

## गैस ख़त्म होने से खेतों में उतरा, आर्मी ने किया टेकओवर



हिलव्यू समाचार
श्रीगंगानगर। श्रीगंगानगर में रविवार दोपहर आर्मी के हॉट एयर बैलून की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। जिसमें सेना के जवान मौजूद थे। यह बैलून पंजाब के बठिंडा की ओर जा रहा था। आसमान में ही अचानक इसकी गैस खत्म हो गई और यह गिरने लगा। तभी सादुलशहर के मन्नीवाली गांव में 41 पीटीपी के पास इसकी इमरजेंसी लैंडिंग करवानी पड़ी। इस दौरान मौके पर भारी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लग गई। सादुलशहर गांव के मन्नीवाली से आर्मी के जवानों ने इमरजेंसी लैंडिंग की सूचना आर्मी के उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई। तो कुछ ही देर में वहां सेना की टोली पहुंच गई। 41 पीटीपी के पास सुरक्षित जगह देखकर खेत में बैलून को लैंड करवाया गया।

### ग्रामीणों ने की सेना की मदद

इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान जैसे ही यह आर्मी बैलून उतरा तो गांव में कौतूहल का विषय बन गया। लोगों को यह भी शक था कि कहीं पाकिस्तानी हॉट एयर बैलून तो नहीं उतर आया, लेकिन जब भारतीय सैनिकों को देखा तो उन्होंने राहत की सांस ली। स्थानीय लोग भी राहत और बचाव काम में जुट गए। ग्रामीणों ने बैलून को उठाकर ट्रक में लोड करवाया।

इसके बाद ग्रामीणों की मदद से बैलून को एक ट्रक पर लादकर बठिंडा रवाना कर दिया गया। मौके पर पहुंचे सैन्य अधिकारियों ने पैराशूट को टेकओवर किया।

**सीएस उषा शर्मा ने किया उद्घाटन**

## स्कल्पचर पार्क में कला-संस्कृति की दिखेगी झलक



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** नई दिल्ली स्थित बीकानेर हाउस को कल्चरल हब के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम उठाते हुए स्कल्पचर पार्क स्थापित किया गया है। जहां आधुनिक एवं समकालीन कला-संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

पार्क का उद्घाटन रविवार को राजस्थान की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने किया। पार्क का भ्रमणकर उषा शर्मा ने कहा कि बीकानेर हाउस में स्कल्पचर पार्क की शुरूआत के साथ ही कला, साहित्य, संस्कृति और विरासत से जुड़े मुद्दों पर प्रतिष्ठित हस्तियों के नेतृत्व में 'बीकानेर हाउस डायलॉग्स' का आरंभ होना एक अनूठी पहल है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों के जरिए युवा कलाकार समकालीन कला का प्रदर्शन कर रहे है, वहीं वरिष्ठ कलाकारों को स्कल्पचर पार्क में स्थापत्य कला को पहचानने तथा अपनी जड़ों से जुड़े रहने का मौका मिल रहा है। आवासीय आयुक्त धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि 'इंडिया आर्ट फेयर' और बीकानेर हाउस के तत्वावधान में युवा पीढ़ी की भागीदारी हो रही है और इससे कला साहित्य के भविष्य की दिशा का निर्धारण भी हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह स्कल्पचर पार्क राजस्थानी कला, संस्कृति और विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति से जोड़ेगा।

**तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन व पर्यटन विभाग**

## सांभर में 17 से शुरू होगा फेस्टिवल

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** सांभरझील के किनारे 17 से 19 फरवरी तक होने जा रहे सांभर फेस्टिवल को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। जयपुर जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के द्वारा आयोजित कराए जा रहे सांभर महोत्सव में हर दिन कई खास आयोजन होंगे।



जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने सांभर फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। वहीं अतिरिक्त जिला कलेक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा को सांभर फेस्टिवल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया। महोत्सव में इवेंट्स के आयोजन, सैलानियों की सुविधाओं और जरूरी व्यवस्थाओं के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। महोत्सव के दौरान हुई प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (तृतीय) अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि सांभर महोत्सव में हर दिन कई आयोजन होंगे। फेस्टिवल का आगाज एडवेंचर बाइक राइड से होगा। फेस्टिवल के दौरान पतंगबाजी और कैमल राइड सहित पैरा सैलिंग, एटीवी राइड, मोटर साइकिल रैली सरीखी कई साहसिक गतिविधियों का आयोजन होगा। वहीं पर्यटन विभाग के उप निदेशक उपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि फोटोग्राफी एग्जिबिशन, साल्ट ट्रेन, सांभर लेक विजिट, सांभर साल्ट प्रोसेसिंग ट्यूर, बर्ड वॉचिंग, स्टार नाइट गेजिंग, हैरिटेज वॉक, देवयानी कुंड पर दीपोत्सव और सेलिब्रेटी नाइट के साथ लोक कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केन्द्र होंगी।

**कोटा पुलिस ने बरामद की नशे की खेप, चार तस्कर गिरफ्तार**

## नाकाबंदी में पकड़ी साढ़े 10 किलो अफीम

**हिलव्यू समाचार**
**कोटा।** कनवास थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान चार तस्कारों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 किलो 576 ग्राम अवैध अफीम बरामद की। पुलिस ने तस्कर भेरूलाल मीणा पुत्र उदयराम, रघुनंदन मीणा पुत्र नंद किशोर, मनोज मीणा पुत्र बाबूलाल और मुकेश पाटीदार पुत्र भैरू लाल को अफीम समेत गिरफ्तार किया है। यह चारों अंतर राज्यीय तस्कर हैं। जिनसे नशे की तस्करी में इस्तेमाल स्कॉर्पियो कार भी जब्त की गई है। कोटा ग्रामीण एसपी कावेंद्र सिंह सागर ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरुण माच्या के निर्देशन, सीओ रामेश्वर परिहार के सुपरविजन , थाना अधिकारी मुकेश कुमार त्यागी के नेतृत्व में एक विशेष टीम द्वारा नेशनल हाईवे 52 कनवास तिराहा दरा स्टेशन पर नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी में मध्य प्रदेश नंबर की संदिग्ध स्कॉर्पियो को रोक तलाशी लेने पर 10 किलो 576 ग्राम अवैध अफीम मिलने पर कार सवार तस्कर भेरूलाल मीणा, रघुनंदन मीणा, मनोज मीणा और मुकेश पाटीदार को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया गया।



**विभिन्न मांगों को लेकर एबीवीपी ने राजस्थान यूनिवर्सिटी में किया प्रदर्शन**

## छात्रों ने वित्त सचिव को किया ऑफिस में बंद



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** राजस्थान यूनिवर्सिटी में शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओ और छात्रों ने वित्त सचिव पर वित्तीय अनियममिताओ का आरोप लगाते हुए ऑफिस में बंद कर हंगामा किया। यूनिवर्सिटी में छात्रों ने दिन भर धरना प्रदर्शन कर प्रशासन से वित्तीय खर्च का ब्यौरा मांगा। इस दौरान छात्रों ने कहा कि यूनिवर्सिटी में बनी नई लाइब्रेरी का उद्घाटन होने के पश्चात भी अभी तक खुली नहीं है। जांच हो तो इसमें बड़ा घोटाला सामने आएगा। परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुलपति, छात्रसंघ अध्यक्ष व वित्त अधिकारी की मिलीभगत से लाखों का गबन किया गया है। वित्त सचिव के घेराव के बाद छात्र यूनिवर्सिटी के मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। इस दौरान एबीवीपी के इकाई अध्यक्ष भारत भूषण यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय का दुर्भाग्य है कि कुलपति की शैक्षणिक योग्यता पर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं।

**कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान**

# राहुल का संदेश लेकर आमजन के बीच पहुंचे पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा

**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में रोजाना प्रदेश में 400 से अधिक रैली निकाली जा रही हैं। अभियान के तहत रविवार को पीसीसी अध्यक्ष गोविदं सिंह डोटासरा लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान डोटासरा ने नफरत के खिलाफ राहुल गांधी का एकजुट भारत का संदेश जन-जन तक पहुंचाकर राज्य की कांग्रेस सरकार की उपलब्धियां गिनाई। सभा को संबोधित करते हुए डोटासरा ने कहा कि देश में शांति और भाईचारे का संदेश लेकर राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3 हजार किलोमीटर की यात्रा तय की है। केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले आठ वर्षो में देश में नफरत फैलाने का काम किया है। इस नफरत के खिलाफ पूरा देश एकजुट होकर लड़ रहा है। डोटासरा ने कहा कि केंद्र सरकार ने अडानी और अंबानी को फायदा पंहुचाने के लिए जनता के साथ छल कर इन्हें एलआईसी जैसी संस्थाएं बेच दीं। जिसका परिणाम आज देश की जनता को भुगतना पड़ रहा है। डोटासरा ने सरकार के चार वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए क्षेत्र की जनता को 4 साल के 1250 करोड़ के विकास कार्यों का हिसाब दिया। उन्होंने कहा की राज्य सरकार ने बीते चार वर्षों में प्रदेश के हर व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का काम किया है।



### यात्रा में इनका मिला समर्थन

हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत देश को एकजुट करने का संदेश देने के लिए रविवार को यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल कोटा शहर के वार्ड न.69 में "हाथ से हाथ जोड़ो" पदयात्रा में शामिल हुए। बीकानेर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बी-ब्लॉक मे कैबिनेट मंत्री डॉ बी डी कल्ला के नेतृत्व में "हाथ से हाथ जोड़ो" अभियान के तहत पदयात्रा का आयोजन किया गया। नोहर विधानसभा क्षेत्र में नोहर विधायक अमीत चाचाण व पंचायत समिती प्रधान और अनेक पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने विभिन्न ग्राम पंचायतों में यात्रा निकाली। सांचौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिछावड़ी में सुखराम बिश्नोई, राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विधायक कृष्णा पूनियां के नेतृत्व में यात्रा निकाली गई। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र का हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में महावीर नगर जैन मंदिर से वार्ड नंबर 128 में घर-घर गली-गली जनसंपर्क किया गया।

### गौतम अडाणी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

कांग्रेस की ओर से छह फरवरी को सभी जिलों में एलआईसी कार्यालयों और एसबीआई के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा। अडाणी जैसे व्यापारियों को लाभ देने के खिलाफ कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश के एआईसीसी सदस्यों, पीसीसी सदस्यों, पीसीसी के सभी पदाधिकारियों को आंदोलन में शामिल होने के निर्देश दिए है। डोटासरा ने कहा कि मोदी सरकार ने अडाणी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेन-देन और निवेश करा दिए। इससे 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर विपरीत असर पड़ा है। मोदी ने अपने सबसे करीबी दोस्त की मदद करने के इरादे से जबरदस्ती एलआईसी, एसबीआई और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को अडाणी समूह में निवेश किया है।

हिलव्यू समाचार

विविध

जयपुर, मंगलवार
07 फरवरी 2023



## एक नज़र

**भाजपा का एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन**

## आंजना की हत्या का विरोध जारी



**हिलव्यू समाचार**
**निम्बाहेड़ा।** केसुन्दा निवासी विकास उर्फ बंटी आंजना की नगर में दिनदहाड़े गोलीबारी कर हत्या करने वाले दोषी आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी द्वारा निम्बाहेड़ा का विरोध प्रदर्शन गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

एसडीएम कार्यालय के बाहर पश्चिमी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह शक्तावत के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन में भाजपा प्रदेश मंत्री अशोक सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष रतन लाल गाडरी, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर शामिल हुए। इस दौरान प्रदेश मंत्री सैनी ने भाजपा कार्यकर्ता बंटी आंजना की निर्मम हत्या पर रोष प्रकट करते हुए दिवंगत कार्यकर्ता आंजना को श्रद्धांजलि अर्पित की। सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में विगत चार वर्षों में निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र में लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ हो रही ऐसी घटनाऐं दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होने अपने सम्बोधन में भाजपा कार्यकर्ता बंटी आंजना की हत्या का मुद्दा प्रदेश स्तर पर पहुंचाकर उचित कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया।

## सेवादारों ने मिलकर चमकाया शहर



**हिलव्यू समाचार**
**जयपुर।** प्रदेश के शहरों में शनिवार को डेरा सच्चा सौदा की ओर से सफाई अभियान चलाया गया। इसके तहत राजधानी जयपुर से लेकर प्रदेशभर में लाखों सेवादार झाड़ू लेकर सफाई अभियान में शामिल हुए। डेरा सच्चा सौदा सिरसा के गुरमीत राम रहीम सिंह ने उत्तर प्रदेश के बरनावा आश्रम में झाड़ू लगाकर राजस्थान में सफाई महाअभियान की वर्चुअल शुरुआत की। जयपुर को 18 जोन में बांटकर शाम पांच बजे तक सफाई अभियान चलाया गया। राजधानी में सेंट्रल स्पाइन चौराहा, विद्याधर नगर और स्टेच्यू सर्किल से इस अभियान की शुरुआत की गई। विद्याधर नगर में नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर ने अभियान की शुरुआत की। दावा है की इस अभियान में प्रदेशभर के 35 लाख सेवादार शामिल हुए हैं। अभियान को लेकर अभिनेता विकास सक्सेना ने कहा कि गंदगी से बीमारी आती है और बीमारी से बचना है तो गुरु राम रहीम के इस अभियान का आम जनता को समर्थन करना ही होगा।

**कोटा महोत्सव:** प्राचीन कलाओं के प्रदर्शन से उत्सवी हुआ माहौल

# हेरिटेज वॉक में जीवंत हुआ इतिहास, लोक कलाओं ने मोहा मन



**हिलव्यू समाचार**
**कोटा।** कोटा महोत्सव के तहत रविवार को शहर में उत्सवी माहौल देखने को मिला। कार्यक्रमों की शुरूआत हेरिटेज वॉक के साथ की गई। ऐतिहासिक कोतवाली भवन से गढ़ पैलेस तक सैकड़ों लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से प्राचीन कलाओं को जीवंत कर दिया। इस दौरान जिला कलेक्टर ओपी बुनकर सहित प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने हेरीटेज भवनों का इतिहास जाना और उनकी स्थापत्य शैली को भी निहारा। कोतवाली से शुरू हुआ कारवां रामपुरा, पुरानी धान मण्डी, चार खम्भा, बजाज खाना, सब्जी मण्डी, इन्द्रा मार्केट, श्रीपुरा, लाल बुर्ज, कैथूनीपोल होते हुए गढ़ पैलेस पहुंचा। यहां कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुतियों ने हर किसी को रोमांचित कर दिया। हेरिटेज वॉक में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी शामिल हुए। जैसे-जैसे कारवां बढ़ता गया लोगों का हूजूम भी उमड़ता गया। गढ़ पैलेस पहुंचने के बाद वॉक में शामिल लोगों ने महाराव माधो सिंह म्यूजियम में दुर्लभ साहित्य, सिक्के, घड़ियां सहित विभिन्न प्राचीन वस्तुओं को निहारा। हेरिटेज वॉक के दौरान इतिहासविद् फिरोज अहमद ने शहर के हेरिटेज भवनों इतिहास की जानकारी दी। इस दौरान कलाकारों ने शेखावाटी का चंग वादन, बृज के रसिया, बारां के सहरिया आदि कलाओं का प्रदर्शन किया।

### रोशनी से जगमग हुए हेरिटेज भवन

कोटा महोत्सव के तहत शहर के हेरिटेज भवनों को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। इसमें रामपुरा के कोतवाली भवन, महात्मा गांधी विद्यालय, बृज गोपाल मंदिर, महारानी स्कूल, फदानिया वालों की हवेली, बजाज खाना में सेठ दानमल जी की हवेली, घंटाघर बाजार में घंटाघर (बेली टावर), मकबरा बाजार में चौथ माता मंदिर, चांद खां का मकबरा, पाटनपोल का दरवाजा, रामचन्द्र जी का मंदिर, बड़े मथुराधीश जी मंदिर, सांवला जी मंदिर, बड़े महाप्रभु जी का मंदिर, टिपटा में फूल बिहारी जी मंदिर, भूरिया गणेश मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, कोटा गढ़ पैलेस तथा लक्ष्मीनारायण मंदिर की विशेष सजावट की गई।

### गूंजी कबीर की रचनाएँ

कोटा महोत्सव के तहत उम्मेद सिंह स्टेडियम में आयोजित मेगा कल्चर नाइट का आयोजन हुआ। इसमें कबीर की रचनाएं गूंज उठी। प्रसिद्ध कबीर कैफे बैंड के नीरज आर्य के नेतृत्व में कलाकारों ने कबीर के काव्य पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी। इनमें मन लागो मेरो यार फकीरी में..., मुनिया पिजड़े से उड़ गई..., घट-घट में पंछी बोलता है... सहित अनेक रचनाए पेश की।

### डॉग शो में आए 24 प्रजातियों के श्वान

सेवन वंडर्स पार्क में आयोजित डॉग शो में 24 नस्लों के 241 श्वानों ने करतब दिखाए। इसमें आग के गोले से निकलना, छुपी हुई वस्तु को ढूंढकर लाना तथा दो पैरों पर चलते हुए अलग-अलग करतब दिखाए। कार्यवाहक सम्भागीय आयुक्त राजपाल सिंह, जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने डॉग शो का विधिवत शुभारम्भ किया। शो में पहली बार साइबेरिया के ठंडे प्रदेशों में पाए जाने वाला साइबेरियन हस्की प्रजाति का श्वान डॉग शो में आकर्षण का केन्द्र रहा। कोटा, बारां, बूंदी, झालावाड़ जिलों के श्वान प्रेमी अपने श्वानों के साथ डॉग शो में शामिल हुए।

**आधा दर्जन हथियारबंद बदमाशों ने दिया वारदात को अंज़ाम**

# शोरूम बंद करते ही आ धमके बदमाश, गहने-नकदी लूटे



**हिलव्यू समाचार**
**अलवर।** नीमराना क्षेत्र में शुक्रवार रात को बदमाशों का दुस्साहस देखने को मिला। औद्योगिक क्षेत्र स्थित आरटेक मॉल में घुसे आधा दर्जन हथियारबंद बदमाश आरपी संस ज्वैलर्स के शोरूम पर फायरिंग कर लाखों रुपए के गहने और नकदी लूट ले गए। इस दौरान ज्वैलर, उनके कर्मचारी और कुछ व्यापारियों ने बदमाशों को रोकने का प्रयास किया तो उन पर गोलियां चलाई। धारदार हथियारों से हमला किया और दो लोगों को बांध कर पटक गए। पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जिले के अलावा हरियाणा में भी नाकाबंदी कराई, लेकिन बदमाशों का कोई पता नहीं चल सका। लूट की पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। हमलावर अपने साथ मोबाइल फोन जैमर भी लाए थे, ताकि कोई भी व्यक्ति पुलिस को या अन्य किसी को सूचना नहीं दे सके। पुलिस ने जैमर बरामद किया है। हमलावरों के साथ जो दुकानदार था, उसका नाम संदीप चौधरी निवासी सांझरवास पुलिस थाना बावल जिला रेवाड़ी बताया जा रहा है।

### एक करोड़ से ज्यादा के हो सकते हैं लूटे गए जेवरात

घटना की सूचना के करीब 20 मिनिट बाद पुलिस मौके पर पहुंची और व्यापारी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनका कहना है कि लूटे गए जेवरात का आकलन करने के बाद ही नुकसान का पता चलेगा। सूचना पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक महावीर सिंह शेखावत, कोतवाल सुणीलाल मीणा ने इंटरस्टेट नाकेबंदी कराई। जानकारी के अनुसार बदमाशों की ओर से लूटे गए गहने एक करोड़ से ज्यादा के हो सकते हैं। वारदात में शामिल दुकानदार ज्वैलर का करीबी दोस्त भी रहा है। पीड़ित व्यापारी ने लूट एवं हमले की सूचना शाहजहांपुर स्थित दूसरी दुकान पर अपने भाई को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

### बदमाशों में एक दुकानदार भी शामिल

औद्योगिक क्षेत्र के आरटेक मॉल में आरपी संस ज्वेलर्स के शोरूम के संचालक ने अपने कर्मचारी ओमपाल सिंह चौहान निवासी गादली के साथ शोरूम बंद करके जाने वाले थे। तभी मॉल में रेडीमेड कपड़े की दुकान करने वाला संदीप चौधरी निवासी बावल हरियाणा हथियारबंद 5 बदमाशों के साथ आया और उन्हें शोरूम बंद करने से रोकते हुए अन्दर घुस गया। अंदर आते ही बदमाशों ने फायरिंग की। व्यापारी व ओमपाल ने विरोध किया तो धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया।

### व्यापारियों ने मुख्य रोड पर लगाया जाम

ज्वैलर्स से लूटपाट की घटना के विरोध में क्षेत्र के व्यापारियों ने शनिवार को बाजार बंद कर नीमराना कस्बे के मुख्य मार्ग पर जाम लगा कर प्रदर्शन किया। इस दौरान योगेश भारद्वाज, प्रीतम कुमार, अनिल सोनी आदि ने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से केवल आश्वासन देने का काम किया जाता है, जबकि नीमराना में आए दिन लूट और फायरिंग की घटनाएं हो रही हैं।अभी कुछ दिन पहले केदार सोनी की दुकान पर भी लूट एवं फायरिंग की घटना हुई थी, उसका भी पुलिस ने कोई खुलासा नहीं किया। मौके पर नीमराना थाना प्रभारी सुनीलाल मीणा ने व्यापारियों से समझाइस की, लेकिन व्यापारियों का कहना था कि जब तक कार्रवाई नहीं होती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा।

## डकैत केशव गुर्जर के भाई शीशराम और गब्बर को पुलिस ने गुर्जा क्षेत्र से दबोचा



**हिलव्यू समाचार**
**धौलपुर।** कुख्यात डकैत केशव गुर्जर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने गिरोह को संचालित कर रहे उसके छोटे भाई शीशराम को भी दबोच लिया है। उसकी तलाश में पुलिस पिछले 6 दिन से बीहड़ों में सर्च ऑपरेशन चला रही थी। शुक्रवार देर रात एसपी धर्मेंद्र सिंह पुलिस टीम को लेकर सोने का गुर्जा क्षेत्र के बीहड़ो में पहुंचे। डांग क्षेत्र में पत्थरों के बने छोटे मकानों की तलाशी करने के साथ ही पुलिस ने कई जगह पर दबिश दी। इसके बाद पुलिस ने डकैत शीशराम गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने डकैत शीशराम के साथ उसके भाई गब्बर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने डकैत शीशराम गुर्जर पर 25 हजार का इनाम रखा था। गौरतलब है कि 30 जनवरी को मुठभेड़ में डकैत केशव गुर्जर को गिरफ्तार किए जाने के बाद पुलिस ने अगले ही दिन उसके भाई नरेश गुर्जर और साथी बंटी पंडित को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस की डकैत केशव के साथ हुई मुठभेड़ में शामिल शीशराम 30 जनवरी को मौके से फरार हो गया था। उसकी तलाश में पुलिस ने पिछले 6 दिनों से लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली है कि शीशराम गुर्जर सोने का गुर्जा क्षेत्र में छुपा हुआ है। इसको लेकर देर रात को एसपी धर्मेंद्र सिंह के साथ क्यूआरटी की टीम ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया।

## डॉक्टर की फ़र्ज़ी डिग्रियां बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार




**हिलव्यू समाचार**
**अजमेर।** उत्तराखंड में डॉक्टर की फर्जी डिग्रियां तैयार करने वाले मास्टरमाइंड को पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने किशनगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी पर देहरादून पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया हुआ था। वहीं आरोपी बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज का चेयरमैन है और दसवीं पास है। उत्तराखण्ड एसटीएफ के एडिशनल एसपी चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि उत्तराखण्ड में प्रैक्टिस कर रहे बीएएमएस की फर्जी डिग्री वाले आयुर्वेदिक चिकित्सकों के गिरोह का भंडाफोड़ किया था, जिसकी जांच में यह सामने आया कि इस गिरोह का मास्टर माइंड इमलाख है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल के निर्देशन में एसटीएफ ने आयुर्वेदिक चिकित्सकों के फर्जीवाड़े में 36 डॉक्टरों को चिह्नित किया। इन चिकित्सकों की फर्जी डिग्रियां राजीव गांधी हेल्थ एण्ड साइंस यूनिवर्सिटी कर्नाटका के नाम से बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज मुजफ्फर नगर के मालिक इमरान और इमलाख ने तैयार की। इस पर देहरादून के नेहरू कॉलोनी थाने में मुकदमा एसटीएफ की ओर से दर्ज कराया गया था।

### यूपी का शिक्षा माफिया है इमलाख

एएसपी चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि इमलाख मुजफ्फरनगर कोतवाली थाने का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर है। इसके द्वारा अपने भाई इमरान के साथ बरला थाना क्षेत्र मुजफ्फरनगर में बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज के नाम से मेडिकल डिग्री कॉलेज भी खोला हुआ है जो कि बीफार्मा, बीए, बीएससी कोर्स संचालित करता है। उसके खिलाफ फर्जी डिग्री दिलवाने के कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसे यूपी का सबसे बड़ा शिक्षा माफिया कहा जाता है। मुकदमा दर्ज होने के तुरंत बाद मुख्य अभियुक्त इमलाख अपना मोबाइल बंद कर मुजफ्फरनगर से फरार हो जाता था। एटीएफ टीम को उसके अजमेर में छुपे होने की जानकारी मिली थी। इस पर उसे किशनगढ़ से गिरफ्तार किया गया।

**कैंसर योद्धाओं को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया कार्यक्रम**

# कैंसर की जंग जीत चुके लोगों की हिम्मत का मनाया जश्न

**जयपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जयपुर ने टाइगर राइडर्स के साथ मिलकर साइक्लोथॉन का आयोजन किया। इसका मुख्य उद्देश्य कैंसर की जंग जीत चुके लोगों की हिम्मत का जश्न मनाना था। इस आयोजन के माध्यम से कैंसर रोगियों को यह महसूस करवाने की कोशिश की गई कि जीवन में कैंसर से जंग जीतने के लिए उनका जुनून ही एक प्रकार की महाशक्ति है, जो उनके इलाज में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हम इस जुनून को महाशक्ति के रूप में देखते हैं और इस बात का समर्थन करने के लिए 100 से अधिक लोगों ने इस साइक्लोथॉन में हिस्सा लिया। क्लीनिकल डायरेक्टर डॉ. प्रदीप गोयल के नेतृत्व में साइक्लोथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल के साथ मिलकर लायंस क्लब ने कैंसर योद्धाओं को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में अपनी कैंसर की कठिन यात्रा को साझा करने के लिए 15 से अधिक मरीजों के साथ लायंस क्लब के 60 से अधिक प्रमुख लीडर्स उपस्थित रहे। डॉ. रोहित स्वामी, डॉ. प्रीति अग्रवाल, डॉ. तेजप्रताप सिंह और डॉ. पूनम गोयल ने कैंसर से बचाव के लिए रोकथाम और जीवनशैली में बदलाव के सुझाव दिए।



### धूम्रपान से खतरा ज्य़ादा

नारायणा हॉस्पिटल, जयपुर के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. तेजप्रताप सिंह ने कहा कि लोगों में धूम्रपान और तंबाकू सेवन की लत बहुत अधिक है। कैंसर दुनिया में मृत्यु का दूसरा सबसे प्रमुख कारण है और सबसे बड़े कारणों में से एक तंबाकू (खैनी, बीड़ी, गुटखा और पान मसाला) का सेवन माना जाता है। इसलिए तंबाकू और धूम्रपान की लत को छोड़ना बहुत जरूरी है।

### लक्षण दिखने पर कराएँ इलाज

नारायणा मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, जयपुर की रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. पूनम गोयल ने कहा कि अक्सर यह देखा जाता है कि ज्यादातर लोग लक्षणों को लेकर जानकारी के अभाव में सही समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते और उन्हें कैंसर का संपूर्ण इलाज नहीं मिल पाता है। इसके साथ ही हमें अपने दैनिक जीवन में भी मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देकर, तनाव मुक्त रहकर, अच्छी नींद लेकर स्वयं के स्वास्थ्य पर संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

### कैंसर केयर गैप को बंद करना महत्वपूर्ण

ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. रोहित स्वामी ने कहा कि कैंसर केयर गैप को बंद करना बहुत महत्वपूर्ण है। कैंसर की रोकथाम के बारे में हम समाज को शिक्षित, जागरूक कर सकते हैं। कुछ सामाजिक और इकोनामिक फैक्टर के बारे में नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जानकारी प्रदान करके और देश में कैंसर की रोकथाम व नियंत्रण के लिए योजनाओं को लागू कर आम जनमानस की जरूरतों पर ध्यान देकर कैंसर की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं।

# आशिकी 3

'आशिकी' बॉलीवुड की सबसे रोमांटिक फिल्म है. इस फिल्म का पहला पार्ट काफी पहले रिलीज हुआ था जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था. इसके बाद इस फिल्म का दूसरा पार्ट साल 2013 में रिलीज हुआ था. यह फिल्म भी फैंस को खूब पसंद आई थी. इसमें सिद्धार्थ रॉय कपूर और श्रद्धा कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई थी. अब जब से 'आशिकी 3' को लेकर खुलासा हुआ है तब से इस फिल्म के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं.

## कार्तिक संग रोमांस करने को सारा तैयार



इस फिल्म में कार्तिक आर्यन का नाम तो लीड एक्टर के तौर पर सामने आ चुका है लेकिन अभिनेत्री के नाम का खुलासा नहीं हुआ था. भट्ट कैंप के तहत बन रही आशिकी 3 को काफी समय से इसकी लीड एक्ट्रेस की तलाश थी. यह तलाश अब पूरी होती नजर आ रही है. ऐसी खबरें हैं कि 'आशिकी 3' को उसकी लीड एक्ट्रेस मिल गई है. कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सारा अली खान मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं. अगर ऐसा हुआ तो एक बार फिर से बिग स्क्रीन पर सारा और कार्तिक की जोड़ी देखने को मिलेगी. इससे पहले कार्तिक और सारा की जोड़ी 'लव आजकल' में नजर आई थी. हालांकि यह फिल्म फ्लॉप रही थी और बहुत जल्द सिनेमाघरों से उतर गई थी. आशिकी 3 के मेकर्स इस दौर की सबसे रोमांटिक मूवी बनाना चाहते हैं. इस कारण उन्होंने इस जोड़ी पर दांव लगाने का फैसला लिया.

### पंकज त्रिपाठी भी आएंगे नजर



इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी के होने के भी कयास लगाए जा रहे हैं. कहा जा रहा है कि इस फिल्म में उनका रोल खास होने वाला है. पंकज त्रिपाठी इस दौर के सबसे सफल आर्टिस्ट हैं. इस कारण मेकर्स उन्हें 'आशिकी 3' के लिए साइन कर रहे हैं. पंकज त्रिपाठी अपने छोटे किरदार हों या बड़े उसमें इस कदर जान डाल देते हैं कि दर्शक उनकी प्रशंसा किए बिना नहीं रह पाते.

## राजकुमार के साथ नज़र आएंगी ज्योतिका

दक्षिण भारतीय अभिनेत्री ज्योतिका बॉलीवुड की फिल्म 'श्री' में राजकुमार राव के साथ नजर आएंगी. वह लंबे समय बाद बॉलीवुड में कमबैक करने जा रही हैं. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फोटो शेयर की जिसमें उनके साथ बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, निर्देशक तुषार और निर्माता निधि परमार नजर आ रहे हैं.

ज्योतिका ने पोस्ट शेयर करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी बॉलीवुड कमबैक फिल्म 'श्री' की शूटिंग पूरी कर ली है. कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'श्री' के लिए मैंने अपने हिस्से की शूटिंग कंप्लीट कर ली है. मैंने आज तक जितने भी क्रू के साथ काम किया है, ये उनमें से सबसे अच्छे क्रू में से एक है. तुषार और निधि धन्यवाद कि आप दोनों ने मुझे इस खास खास फिल्म का हिस्सा बनाया. राज मैं आपकी बड़ी बड़ी फैन हूं. आपके साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए बड़ी बात है. आप बॉलीवुड के ब्रिलिएंट एक्टर्स में से एक हैं. आप से बहुत कुछ सीखने को मिला. एक एक्ट्रेस के रूप में मैं इस टीम से बहुत कुछ सीख कर जा रही हूं.' बताया जा रहा है कि फिल्म 'श्री' की कहानी नेत्रहीन इंडस्ट्रिलिस्ट श्रीकांत भोला के जीवन पर आधारित है. राजकुमार राव और ज्योतिका के अलावा इस फिल्म में अलाया एफ और शरद केलकर भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे.



## कपिल करेंगे सिंगिंग डेब्यू

जाने माने कॉमेडियन अभिनेता कपिल शर्मा सिंगिंग डेब्यू करने जा रहे हैं. कपिल शर्मा गुरु रंधावा के साथ एक म्यूजिक अल्बम में काम कर रहे हैं. उनके गाने के बोल 'अलोन' होंगे. इस गाने में कपिल के अलावा रंधावा की भी आवाज होगी.

कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के माध्यम से इस बारे में जानकारी दी. उन्होंने अपने गाने का नया पोस्टर भी जारी किया. पोस्टर में कपिल ने ब्राउन कोट और ब्लैक टी शर्ट पहन रखी है. उन्होंने डार्क सनग्लासेस भी लगा रखा है. गुरु रंधावा ने ब्लैक स्वेटर, मैचिंग कोट पहन रखा है. उन्होंने भी डार्क सनग्लासेस लगा रखा है. यह गाना 9 फरवरी को रिलीज होगा.



TV मैजिक

## दलजीत करेंगी शादी



बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट शालीन भनोट के साथ अपनी असफल शादी से बाहर निकलने के बाद दलजीत कौर ने फिर से किसी का हाथ थामने का फैसला कर लिया है. साल 2015 में शालीन से तलाक लेने के बाद दलजीत यूके में रहने वाले निखिल पटेल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं. निखिल एक फाइनेंस कंपनी में काम करते हैं. दलजीत और निखिल ने 3 जनवरी को नेपाल में सगाई कर अपने रिश्ते को एक नया रूप देने का मन बना लिया है. अभिनेत्री निखिल के साथ मार्च में शादी के बंधन में बंधेंगी. शादी के बाद वह अपने बेटे जेयडन के साथ हमेशा-हमेशा के लिए लंदन चली जाएंगी. दलजीत ने बताया, 'मेरी शादी मार्च में है और मैं अभी भी बहुत सी चीजों का पता लगा रही हूं. मैं शादी के बाद कुछ वर्षों के लिए अफ्रीका स्थित नैरोबी चली जाऊंगी क्योंकि निखिल को अभी काम के लिए वहां रहना है. काम खत्म होने के बाद हम लंदन वापस चले जाएंगे जहां उनका घर है.' दलजीत और निखिल दोनों की ही यह दूसरी शादी है.

## अर्जुन हुए ट्रोल

हाल ही में अर्जुन बिजलानी ने ट्विटर पर ट्वीट करते हुए शो 'बिग बॉस 16' में प्रियंका चाहर चौधरी को सपोर्ट किया था और उन्हें शो का विनर कह दिया था. अर्जुन के इस ट्वीट के बाद उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. अर्जुन ने प्रियंका को सपोर्ट करते हुए लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि 'बिग बॉस 16' प्रियंका चाहर चौधरी जीत जाएंगी. ऐसा नहीं है कि फाइनलिस्ट कम योग्य हैं लेकिन एक्स फैक्टर तो है. सभी को प्यार.' अर्जुन के इस ट्वीट के बाद यूजर्स ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया. एक यूजर ने कहा, 'जैसे आप मोस्ट अनडिजर्विंग विनर थे खतरों के खिलाड़ी के. बेस्ट टास्क करने वाले पीछे रह गए. राखी ने तो पहले ही बोला था विनर फिक्स है.' एक और यूजर ने कहा, 'मैं अर्जुन बिजलानी की असली फैन हूं लेकिन यह ट्वीट निराशाजनक है. आप कम से कम यह कह सकते थे कि दोस्त है वह मेरी और वह ही जीतेगी, तो भी चलता... लेकिन उन्होंने कहा कि वह डिजर्विंग है, जो बिल्कुल बकवास है.' अर्जुन ने भी इन ट्वीट्स का करारा जवाब दिया. उन्होंने कहा, 'केकेके स्टंट बेस्ड है. मैं इसलिए जीता था क्योंकि फिनाले स्टंट में मेरी टाइमिंग बेहतर थी और हर कोई इसे जानता है. मैं वोटों की वजह से जीता या हारा नहीं था. लिखने से पहले थोड़ा सोच लो. ट्विटर पर खतरों के खिलाड़ी मत बनो.'



## फिटनेस पर ध्यान दे रही हैं आलिया

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट मां बनने के बाद इन दिनों फिटनेस पर काफी ध्यान दे रही हैं. आलिया को अक्सर योगा और जिम करते हुए देखा जाता है. इसी बीच आलिया का एक वर्कआउट वीडियो सामने आया है जिसमें वह अपने घर पर ही 108 सूर्य नमस्कार करती हुई नजर आ रही हैं. वीडियो में उनकी बहन शाहीन उनसे पूछती हैं कि कैसा लग रहा? इसके बाद आलिया ने कहती हैं, 'पॉवरफुल'. वीडियो में आलिया 'नो मेकअप लुक' में बेहद प्यारी लग रही हैं. वीडियो सामने आते ही सोशल मीडिया पर फैंस आलिया की तारीफ कर रहे हैं. वे 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' को देखने के लिए उत्सुक हैं.

आलिया भट्ट बहुत जल्द फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी.

## 'नाइट मैनेजर' में दिखेंगी शोभिता
## फोटोशूट में चमकीं

शोभिता धुलिपाला ने अपनी एक्टिंग और अनोखे प्रोजेक्ट्स से अपनी पहचान बनाई है.



बीते साल 'पोन्नियिन सेलवन-1' में नजर आईं शोभिता अब अपनी अगली वेब सीरीज 'द नाइट मैनेजर' के प्रचार में बिजी हैं.

हाल ही में वह एक फैशन लेबल के लिए मॉडलिंग करती नजर आईं. फोटोशूट में उन्होंने स्लिप पिंक सिल्क टॉप को एक लॉन्ग स्कर्ट एवं बड़े प्लीट्स के साथ पेयर किया. इसमें वह बहुत स्टनिंग लग रही थीं. शोभिता ने खुले बालों को वेवी कर्ल, सिल्वर हील्स और गोल्डन हूप ईयररिंग्स के साथ पूरा किया.

## टीवी इंडस्ट्री पर राधिका का कमेंट

### नाराज़ हुईं एकता



टीवी इंडस्ट्री पर एक्ट्रेस राधिका मदान को कमेंट करना महंगा पड़ गया. एक-एक करके टेलीविजन इंडस्ट्री के सेलेब्स राधिका को जवाब देने में लगे हुए हैं. पहले एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने राधिका पर पलटवार किया था. अब प्रोड्यूसर एकता कपूर भी सामने आई हैं.

राधिका मदान ने कहा था कि वहां एक्टर्स को लगातार लंबे समय तक काम करना पड़ता है. राधिका का कहना था कि उन्होंने टीवी सीरियल का हिस्सा होने के दौरान लगातार 48 घंटों तक काम किया है. उन्होंने यह दावा भी किया था कि शोज की स्क्रिप्ट शूटिंग के समय पर ही आती थी और डायरेक्टर भी हर महीने बदलते थे. एक्ट्रेस की ये बातें टीवी इंडस्ट्री से जुड़े सेलेब्स को रास नहीं आ रहीं. एक्ट्रेस सायंतनी घोष ने राधिका की जमकर आलोचना की थी. उन्होंने कहा था कि जहां से वह सीखकर गई हैं, आज उसी को भला-बुरा कह रही हैं जो कि बहुत दुख की बात है. अब प्रोड्यूसर एकता कपूर ने सायंतनी के इसी वीडियो को शेयर करते हुए राधिका की बात को दुखद और शर्मनाक बताया. एकता ने कैप्शन लिखा- दुखद और शर्मनाक. एक्टर्स को अपनी जड़ों की कोई इज्जत नहीं है. शाबाश सायंतनी घोष. राधिका मदान की बात करें तो उन्होंने टीवी इंडस्ट्री से ही अपने करिअर की शुरुआत की थी. उनका पहला सीरियल 'मेरी आशिकी तुम से ही' था. सालों तक इस शो में काम करने के बाद राधिका ने फिल्मों में एंट्री ली. हाल ही में राधिका मदान की फिल्म 'कुत्ते' रिलीज हुई है. इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान टीवी शो में काम करने के अपने एक्सपीरिएंस को शेयर किया था.

## 'द टेनेंट' में नज़र आएंगी शमिता

एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अभिनेता आमिर अली के साथ डेटिंग की अफवाहों को निराधार बताते हुए कहा कि वह अकेली हैं और काफी खुश भी. लोगों को उनकी लाइफ के बारे में अटकलें लगाना बंद कर देना चाहिए.

## मैं सिंगल हूं और खुश हूं अटकलें लगाना बंद करें



'बिग बॉस' के सीजन 5 में राकेश बापट के साथ पनपे प्यार और फिर सार्वजनिक रूप से हुई अनबन के बाद चर्चा थी कि शमिता इन दिनों आमिर अली के साथ रिलेशन में हैं. शमिता के गाल पर किस करते हुए आमिर का एक वीडियो वायरल हो गया और दोनों के अफेयर की अफवाह फैल गई. शमिता की अपकमिंग फिल्म 'द टेनेंट' 10 फरवरी को रिलीज होगी.

## योद्धा की तलाश में सुनील शेट्टी



देश का पहला मार्शल आर्ट्स रियलिटी शो 'कुमिते 1 वॉरियर हंट' को एक्टर सुनील शेट्टी होस्ट करेंगे. इस रियलिटी शो में 16 शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतियोगियों के बीच चुनौतियों का वार होगा और परम योद्धा का खिताब हासिल करने के लिए उनकी क्षमता का परीक्षण होगा. एमएक्स प्लेयर का यह रियलिटी शो मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स एक कॉम्पिटिशन वाला खेल है. इस शो में हमें कंटेस्टेंट्स के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी. शो का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है जो काफी पसंद किया जा रहा है. ट्रेलर में सुनील शेट्टी योद्धा की तलाश में हैं. सुनील ने कहा कि मार्शल आर्ट्स एक दिलचस्प खेल है. अनुशासन, दृढ़ संकल्प और समर्पण इस खेल के मूल में हैं और यही कुछ हम अपने प्रतिभागियों में देख रहे हैं.

## ये टिप्स फटाफट दिलाएंगे आपको अगली जॉब

किसी भी कंपनी में लेऑफ (छंटनी) होना इन दिनों कोई नई बात नहीं रह गई है. मंदी के फैलते प्रभाव में एक के बाद एक बड़ी कंपनियों में कर्मचारियों की संख्या कम किए जाने की खबरें आ रही हैं. नौकरी जाना कभी भी अच्छा अनुभव नहीं हो सकता लेकिन यह कभी किसी के साथ नहीं होगा, ऐसा नहीं कहा जा सकता. नौकरी हाथ से निकल जाने के कई कारण हो सकते हैं. फिलहाल अगर आप अपने करिअर में इस घटना को आगे बढ़ने का एक और पायदान बना सकें तो यही आपकी जीत कहलाएगी.

### आगे की योजना बनाएं




एक बार जब आपको यह पता चल जाता है कि कंपनी आपको नौकरी से हटा रही है तो आपको बहुत सावधानी से आगे के कदम की योजना बनानी चाहिए. साथ ही कंपनी छोड़ने की प्रक्रिया एकदम सहज हो, इसकी कोशिश करें. यह सभी पक्षों के लिए अच्छा होगा. कुछ और चीजें कर सकते हैं.

### सही सवाल पूछें

वैसे तो अपनी कमियों के बारे में सुनना किसी को पसंद नहीं आता लेकिन जब आप नौकरी जाने की वजह अधिकारियों से पूछते हैं तो आपको वे बिंदु पता चल सकते हैं जिनमें आपको और बेहतर करने की जरूरत है. यह भविष्य की नौकरियों के लिए जानना जरूरी होगा ताकि आप एक ही गलती को हर नौकरी में न दोहराएं. और अगर आपको पता चलता है कि आपकी नौकरी कंपनी में हुए बदलावों के चलते गई है तो इसका आपकी योग्यता से कोई लेना-देना नहीं है. ऐसी स्थिति आपके आत्मविश्वास के लिए एक बेहतर बात होगी.

### एचआर के सामने अपना पक्ष रखें

नौकरी नहीं रहेगी, इस बात के मन में आते ही बहुत सी वित्तीय जिम्मेदारियां याद आ जाती हैं. ऐसे में बात करके अपना पक्ष कंपनी के एचआर के समक्ष रखना आपकी चिंताओं को थोड़ा कम कर सकता है.

### खुद को सहज करने का समय

भावनात्मक रूप से तैयार न होने से पहले नई नौकरी के लिए आवेदन करने की अपनी कीमत भी होती है. अगर आप उस मानसिकता में ऊंचे पदों पर बैठे लोगों से बातचीत के दौर में आ जाते हैं तो कई बार आपके मन की कड़वाहट छलक सकती है. इस इमोशनल इन्फॉर्मेशन का लीक हो जाना आपकी छवि जॉब बाजार में खराब कर सकता है क्योंकि अक्सर सभी बड़े पदों के लोग नेटवर्क के माध्यम से आपस में जुड़े होते हैं. मानसिक रूप से तैयार होने के लिए थोड़ा खुद को समय दें. लोगों से इस बारे में बातचीत कर स्थिति को समझें और सहज हो जाएं. इस बार अपने व्यक्तित्व और कार्यशैली के अनुसार भी काम की तलाश करें और आवेदन करें. अपने नेटवर्क का इस्तेमाल तब करें जब आप इसके लिए सही ऊर्जा और मानसिकता में हों.

### सच बताना सबसे अच्छा

नई जॉब के इंटरव्यू में इस बारे में झूठ बोलना या सीवी में इस कार्यकाल को हटाकर विवरण देना समझदारी नहीं कही जाएगी. छिपाने के बजाय सीवी की शुरुआत में ही अपने स्किल्स और जिम्मेदारियों का परिचय दें. अपने पुराने पद का भी उल्लेख करें. आवेदन हो या इंटरव्यू, आपने अब तक क्या सीखा है, कैसा काम किया है, इसे सकारात्मक तरीके से बताने की तैयारी करके रखें. अगर निकाले जाने का कारण आपका प्रदर्शन ही था, तो उसकी जिम्मेदारी लें लेकिन यह भी बताएं कि आप किस तरह बदल चुके हैं और सुधार के लिए आपने क्या किया. पुराने ऑफिस के कुछ अच्छे रिफरेंस उन्हें बताएं ताकि आ प की विश्वसनीयता को परखा जा सके.



### सकारात्मक रहें

इंटरव्यू में आप जो भी करें किन्तु अतीत को लेकर हतोत्साहित न दिखें अन्यथा आप इस विचार को पुख्ता कर रहे होंगे कि आप रोजगार लायक नहीं हैं.

### ये करें

- ध्यान दें कि इस अनुभव से आपको बतौर कर्मचारी अपने बारे में क्या पता चला और आप कैसे माहौल में शानदार काम करेंगे.
- नई नौकरी में रिफरेंस देने के लिए और अवसरों के लिए उन लोगों से संपर्क करें जिनके साथ आप पहले काम कर चुके हैं.
- आपने अपनी पुरानी नौकरी क्यों छोड़ी, इसका संक्षिप्त और सकारात्मक उत्तर तैयार रखें.
- किसी नए मौके के लिए अपनी वर्तमान कंपनी के अधिकारियों या सहकर्मियों से कहने में कोई बुराई नहीं.

## इनफिनिक्स स्मार्टफोन में 33W की फास्ट चार्जिंग

इनफिनिक्स ने जीरो 5G 2023 और जीरो 5G 2023 टर्बो स्मार्टफोन को लॉन्च कर दिया है. जीरो सीरीज के इन दोनों फोन में 6nm का मीडियाटेक डायमेंसिटी प्रोसेसर है. इसके अलावा फोन में 6.78 इंच की फुल एचडी प्लस डिस्प्ले है जिसका रिफ्रेश रेट 120Hz है. दोनों फोन में तीन रियर कैमरे दिए गए हैं जिनमें प्राइमरी लेंस 50 मेगापिक्सल का है. दोनों के रियर कैमरे में अन्य दो लेंस 2-2 मेगापिक्सल के हैं. जीरो 5G 2023 टर्बो दोनों के फीचर्स एक ही जैसे हैं. दोनों फोन में एंड्रॉयड 12 आधारित XOS ऑपरेटिंग सिस्टम दिया गया है. दोनों में एक ही साइज की बैटरी है. हालांकि जीरो 5G 2023 टर्बो में अलग प्रोसेसर और स्टोरेज है. इसके अलावा फोन में 6.78 इंच की फुल एचडी प्लस डिस्प्ले है जिसका रिफ्रेश रेट 120Hz है. सेल्फी के लिए फोन में 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है. कैमरे के साथ सुपर नाइट मोड दी गई है. जीरो 5G 2023 में 128 जीबी की स्टोरेज है वहीं टर्बो एडिशन में 256 जीबी की स्टोरेज है. स्मार्टफोन में 5000mAh की बैटरी है जिसके साथ 33W की फास्ट चार्जिंग दी गई है.



**मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की बैठक:** मुसलमानों से शरीयत पर अमल करने का आह्वान, कहा-

# यूनिफॉर्म सिविल कोड का इरादा छोड़े सरकार, लागू करना अलोकतांत्रिक

**एजेंसी**

**लखनऊ।** आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने रविवार को कहा कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीयत पर अमल करना है।

इसके साथ ही बोर्ड ने सरकार से अनुरोध किया है कि देश के संविधान में हर शहरी को अपने धर्म पर अमल करने की आजादी है, इसलिए वह आम नागरिकों की मजहबी आजादी का एहतराम करते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) का इरादा छोड़ दे। आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारिणी की यहां हुई बैठक पारित एक प्रस्ताव में यह आह्वान किया गया।

बैठक बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैयद राबे हसनी नदवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक के बाद बोर्ड के महासचिव मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी की ओर से जारी बयान में कहा गया, बोर्ड की यह बैठक मुसलमानों को यह याद दिलाती है कि मुसलमान का मतलब अपने आपको अल्लाह के हवाले करना है, इसलिए हमें पूरी तरह शरीयत पर अमल करना है। प्रस्ताव में यह भी कहा गया है कि देश के संविधान में बुनियादी अधिकारों में हर शहरी को अपने धर्म पर अमल करने की आजादी दी गई है, इसमें पर्सनल लॉ शामिल है। इसलिए हुकूमत से अपील है कि वह आम नागरिकों की मजहबी आजादी का भी एहतराम करे। उन्होंने यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) को लागू करना अलोकतांत्रिक होगा। उन्होंने सरकार से इस इरादे को छोड़ने की अपील की है।



### धर्मांतरण विरोधी कानूनों पर क्षोभ

धर्मांतरण को लेकर बनाए गए विभिन्न राज्यों के कानूनों पर क्षोभ प्रकट करते हुए बोर्ड ने यह भी प्रस्ताव पारित किया है कि धर्म का संबंध उसके यकीन से है, इसलिए किसी भी धर्म को अपनाने का अधिकार एक बुनियादी अधिकार है। उन्होंने बताया कि इसी बिना पर हमारे संविधान में इस अधिकार को स्वीकार्य किया गया है और हर नागरिक को किसी धर्म को अपनाने और धर्म का प्रचार करने की पूरी आजादी दी गई है, लेकिन वर्तमान में कुछ प्रदेशों में ऐसे कानून लाए गए हैं, जो नागरिकों को इस अधिकार से वंचित करने की कोशिश है। उन्होंने इसे निंदनीय बताया। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम-2021 के अनुसार राज्य में गैर कानूनी तरीके से धर्म परिवर्तन कराने या पहचान छिपाकर शादी करने के मामले में सख्त सजा का प्रावधान किया गया है।

## एक नज़र

**JD (S) नेता का RSS पर तीखा प्रहार**

### संघ की प्रह्लाद जोशी को सीएम बनाने की साजिश



**बेंगलुरु।** जनता दल (एस) नेता एच.डी. कुमारस्वामी ने रविवार को दावा किया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) विधानसभा चुनाव के बाद केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी को आठ उप मुख्यमंत्रियों के साथ कनार्टक का मुख्यमंत्री बनाने की साजिश रच रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जोशी को यहां की संस्कृति का ज्ञान नहीं है और वह समाज को विभाजित करते हैं। कुमारस्वामी पर पलटवार करते हुए भाजपा के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने कहा कि इस तरह का बयान पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता और उन्होंने दावा किया कि आठ से नौ उप मुख्यमंत्री बनाने के विचार के मूल में उनकी वंशवादी राजनीति की मानसिकता है। कुमारस्वामी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा, संभवतः आरएसएस द्वारा जोशी को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला हो गया है, इसलिए उन्होंने हम पर हमले शुरू कर दिए हैं। गौरतलब है कि शनिवार को जोशी ने भाजपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक में वंशवाद की राजनीति की आलोचना की थी और आरोप लगाया था कि जद(एस) के प्रथम परिवार में ही टिकटों को लेकर घमासान चल रहा है। कुमारस्वामी ने कहा कि जद(एस) की पंचरत्न योजना को जनता से मिले समर्थन से भाजपा में भय का माहौल है और इसलिए वे उनकी पार्टी और परिवार के बारे में बोल रहे हैं।

#### भाजपा-संघ के झांसे में न आएं

कुमारस्वामी ने कहा, वह (जोशी) जिस श्रेणी से आते हैं उसने देश का विभाजन किया और साजिश की राजनीति में संलिप्त रही है और देशभक्ति के नाम पर उनका जनसंहार करती है जिन्होंने देश के लिए योगदान दिया। इसलिए मैं वीरशैवा, वोक्कालिगा, पिछड़े वर्ग और दलित समुदाय से अपील करता हूं कि वे भाजपा और आरएसएस की साजिश के झांसे में न आएं जो राज्य को बांट देंगे। मैं कर्नाटक के कन्नड भाषी लोगों को बताना चाहता हूं कि वह (जोशी) हमारी संस्कृति के नहीं हैं। गौरतलब है कि जोशी इस समय केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री, कोयला एवं खनन मंत्री हैं और वह कर्नाटक के धारवाड़ से लोकसभा सदस्य हैं।

**स्टालिन का पीएम मोदी से अनुरोध**

### कावेरी डेल्टा में धान की खरीद के मानदंड बदलें



**एजेंसी**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर उन्हें इस बात से अवगत कराया कि कावेरी डेल्टा क्षेत्र में एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल बेमौसम बारिश के बाद जलमग्न हो गई है। उन्होंने उनसे फसल के प्रभावित होने के मद्देनजर नमी की मात्रा समेत धान खरीद मानदंड में ढील देने का अनुरोध किया। स्टालिन ने पत्र में कहा कि जब इस महीने धान (सांबा) की कटाई होने वाली है, तब तंजावुर, तिरुवरूर, नागपट्टिनम, माइलादुथुराई और पुदुक्कोट्टई जिलों में बेमौसम भारी बारिश से एक लाख हेक्टेयर क्षेत्र में खड़ी फसल डूब गई है। सांबा लंबी अवधि की फसल है और यह कावेरी डेल्टा क्षेत्र के किसानों की मुख्य फसल है।

**तीन आतंकियों की गिरफ्तारी से हुआ खुलासा**

# हैदराबाद को दहलाने की थी साज़िश

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पुलिस ने हैदराबाद में आतंकी हमले की साजिश का खुलासा किया है। पुलिस ने इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अब आतंकियों की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की जांच का जिम्मा राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी ने अपने हाथ में ले लिया है। पुलिस ने कहा कि आतंकियों ने आम लोगों के मन में दहशत पैदा करने के लिए हैदराबाद में विस्फोटों और लोन-वुल्फ हमलों समेत अन्य आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची थी। पुलिस के मुताबिक जाहिद को हैंड ग्रेनेड पाकिस्तान स्थित आकाओं से मिले थे। हैदराबाद पुलिस ने अक्टूबर 2022 में एक मामला दर्ज करके अब्दुल जाहिद और दो अन्य को शहर में कथित रूप से आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की योजना बनाने के लिए गिरफ्तार किया था और उनके कब्जे से हथगोले बरामद किए थे। हैदराबाद स्थित मलकपेट निवासी जाहिद पहले भी शहर में आतंकवाद संबंधी कई मामलों में संलिप्त रहा है और उसने पाकिस्तान स्थित आईएसआई सूत्रों से अपने संपर्कों को फिर से पुनजीर्वित किया है। जाहिद ने पड़ोसी देश में बैठे लश्कर-ए-तैयबा और ISI के आकाओं के निर्देश पर कई युवाओं को भर्ती किया था।




### पीएफआई के तीन और सदस्य गिरफ्तार

भोपाल। मध्य प्रदेश पुलिस ने प्रतिबंधित संगठन 'पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया' (पीएफआई) के तीन और सदस्यों को सरकार के खिलाफ साजिश रचने और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में भोपाल से गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने शुक्रवार को इसी मामले में श्योपुर निवासी पीएफआई के पदाधिकारी वासीद खान (26) को गिरफ्तार किया था। एक पुलिस अिधकारी ने यह जानकारी दी है।

### PFI से संबंध: दो और लोगों को पकड़ा

**पटना।** एनआईए ने बिहार पुलिस के सहयोग से रविवार को प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के फुलवारीशरीफ से जुड़े मामले की जांच के सिलसिले में प्रदेश के मोतिहारी से दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पूर्वी चंपारण जिले के रहने वले तनवीर रजा और मो आबिद के रूप में हुई है। शनिवार को एनआईए और बिहार पुलिस की एक संयुक्त टीम ने मोतिहारी में पीएफआई से जुड़े होने के संदेह में तीन लोगों को गिरफ्तार किया था।

**अडाणी के मुद्दे पर विपक्ष ने तेज किए हमले**

# केंद्र की चुप्पी से आती है मिलीभगत की बू: रमेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** विपक्षी दलों ने अडाणी मुद्दे को लेकर रविवार को नरेंद्र मोदी नीत सरकार पर अपना हमला तेज कर दिया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की चुप्पी से मिलीभगत की बू आती है। अमेरिका की वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च द्वारा गौतम अडाणी के नेतृत्व वाले समूह पर फर्जी लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद समूह के शेयर की कीमतों में भारी गिरावट आई है।

कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने रोजाना तीन सवाल रखेगी। इस मुद्दे से कुछ ऐसे सवाल पैदा होते हैं, जिनसे आप और आपकी सरकार 'एचएएचके' (हम अडाणी के हैं कौन) कहकर नहीं बच सकते। उन्होंने एक बयान में सवाल किया कि अडाणी समूह के खिलाफ वर्षों से लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच के लिए क्या कार्रवाई की गई है और क्या प्रधानमंत्री मोदी के शासन में इस मामले में निष्पक्ष जांच की कोई उम्मीद है? कांग्रेस नेता ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अपनी 'चुप्पी' तोड़ने को कहा। कांग्रेस महासचिव ने कहा, यह कैसे संभव है कि भारत के सबसे बड़े व्यापारिक समूहों में से एक, जिसे हवाई अड्डों और बंदरगाहों के क्षेत्र में एकाधिकार बनाने की अनुमति दी गई है, लगातार आरोपों के बावजूद इतने लंबे समय तक गंभीर जांच से बच सकता है?



### केसीआर ने किया जेपीसी का समर्थन

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने अडाणी मामले में एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए विपक्षी दलों की मांग का समर्थन किया, जबकि बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि भारत की छवि दांव पर है लेकिन सरकार इस मुद्दे को बहुत हल्के ढंग से ले रही है।

**संघ प्रमुख भागवत बोले**

# समाज बंटा हुआ था इसलिए हुए हमले




**एजेंसी**

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि समाज के बंटवारे का फायदा दूसरों ने उठाया और इसीलिए देश पर आक्रमण हुए। यहां तक कि इसी वजह से बाहर से आए लोगों ने हमारे देश में राज किया। भागवत संत शिरोमणि रोहिदास जयंती पर मुंबई में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे थे। वे कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि थे। उन्होंने कहा कि हमारी आजीविका का मतलब समाज के प्रति भी ज़िम्मेदारी होती है। जब हर काम समाज के लिए है तो कोई ऊंचा, कोई नीचा या कोई अलग कैसे हो गया? श्रम के प्रति सम्मान की भावना नहीं होना देश में बेरोजगारी के मुख्य कारणों में से एक है। भागवत ने लोगों से सभी तरह के काम का सम्मान करने का आग्रह करते हुए उनसे नौकरियों के पीछे भागना बंद करने के लिए कहा। निया का कोई भी समाज 30 फीसदी से ज्यादा रोजगार सृजित नहीं कर सकता।

**भारत की ड्रैगन पर डिजिटल स्ट्राइक**

# चीन से संबंधित लोन और सट्टेबाजी वाले 232 एप पर लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने चीन के खिलाफ बड़ा एक्शन लेते हुए सवा सौ से ज्यादा बेटिंग एप यानी सट्टेबाजी ऐप और लगभग सौ लोन देने वाले एप को भारत में बैन कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक होम मिनिस्ट्री की सिफारिश पर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना मंत्रालय ने यह कार्रवाई की है। इन एप्स पर आरोप है कि इन में ऐसा कंटेंट शामिल है जो भारत की संप्रभुता और अखंडता को नुकसान पहुंचा सकता है। जिन एप्स को बैन करने का फैसला लिया गया है उनमें से ज्यादातर प्ले स्टोर पर उपलब्ध नहीं है। ये थर्ड पार्टी लिंक या वेबसाइट के जरिए डाउनलोड किया जा रहा किया जा रहा था। सट्टेबाजी वाले कई एप्स ऐसे थे, जो क्रिप्टो करेंसी में पेमेंट एक्सेप्ट करते थे।




### बैन किए गए एप्स में 138 सट्टेवाले

खबर है कि सट्टेबाजी और लोन देने वाले इन सभी एप्स का लिंक चीन से था। ऐसे में भारत की सुरक्षा के लिए इसे खतरनाक बताया गया और अर्जेंट ब्लॉक करने का आदेश दिया गया। बैन होने वाली लिस्ट में कुल 138 बेटिंग एप्स हैं और 94 लोन देने वाले एप्स हैं। इन सभी एप्स को आईटी एक्ट सेक्शन 69 के तहत बैन किया गया है।

### लोन लेने वाले को भेजे जाते थे गंदे मैसेज

लोन देने वाले एप्स उन व्यक्तियों को टारगेट करते थे, जिनको पैसे की सख्त जरूरत होती थी और लोन देने के बाद इंट्रेस्ट रेट को सलाना 3000 फीसदी तक बढ़ा दिया जाता था। अगर व्यक्ति इंटरेस्ट नहीं चुका पाता या चुकाने में देर करता तो लोन लेने वाले व्यक्ति को परेशान करना शुरू कर दिया जाता था। न सिर्फ उसे, बल्कि उसके संपर्क के लोगों को भी गंदे मैसेज भेजकर परेशान किया जाता था।

**पहले भी कई चीनी एप्स पर लगा है बैन:** भारत सरकार ने जून 2020 में भी 200 से अधिक चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया था। ये सारे एप्स या तो चीन से ऑपरेट हो रहे थे या चीन से संबंधित थे। जिनमें यूसी न्यूज, यूसी ब्राउजर, टिक टॉक, शेयरइट, वीचैट, हेलो, लाइक, बिगो लाइव, ईएस फाइल एक्सप्लोरर और एमआई कम्युनिटी जैसे लोकप्रिय एप्लीकेशन शामिल हैं।

### सट्टेबाजी एप्स की धांधलेबाजी

सट्टेबाजी एप्स की धांधली का मामला खासतौर से आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में उन लोगों की आत्महत्याओं के बाद सुर्खियों में आया, जिन्होंने इस तरह कर्ज लिया या फिर सट्टेबाजी करने वाली एप्स में पैसा गंवा दिया। तेलंगाना, ओडिशा और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों के साथ-साथ केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने तब यूनियन होम मिनिस्ट्री से इन ऐप्स पर कार्रवाई करने के लिए कहा था।

# एयू फाउंडेशन "बनो चैंपियन" तीन दिवसीय टूर्नामिंट्स सम्पन्न

शालिनी श्रीवास्तव

**जयपुर (हिलव्यू समाचार)**। एयू फाउंडेशन एक गैर-लाभकारी संगठन है और एयू छोटे बैंक की सीएसआर शाखा है। एयू छोटे रोजगार बैंकों की टैगलाइन के तहत 'चलो आगे बढ़ें' के अनुरूप, एयू फाउंडेशन सतत विकास के लिए तीन प्रमुख पहलुओं के क्षेत्रों के काम करता है-

■ एयू उद्योग ■ एयू अकादमी अकादमी ■ विकास के लिए खेल |



वित्तीय और डिजिटल साक्षरता इन पहलुओं के अलावा, फ़ाउंडेशन विभिन्न सीएसआर पहल भी करता है जैसे विशेष शिक्षा को बढ़ावा देना, चिकित्सा शिविरों के माध्यम से निवारक स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना, सुरक्षित दृष्टि संभावना और बड़े पैमाने पर समाज के विकास के लिए ऐसी अन्य शुरुआत करना। अन्य सभी सीपीआर गतिविधियों के साथ, फाउंडेशन व्यक्तिगत सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए भी मंच प्रदान करता है।

**बनो चैम्पियन एक झलक में:** इसी सीएसआर एयू फाउंडेशन के तहत राजस्थान में 61 स्थानों पर गांव और जिला स्तर की प्रतियोगिताओं के बाद टूर्नामेंट का फाइनल एसएमएस स्टेडियम, जयपुर में 29 जनवरी से 31 जनवरी 2023 तक खेला गया।

कार्यक्रम एथलेटिक्स, फुटबॉल, थ्रोबॉल, वॉलीबॉल और स्थानीय पसंद के अन्य खेलों में चैंपियन बनाने पर केंद्रित रहा। अक्टूबर 2021 में 30 ग्रामीण स्थानों पर शुरू किया गया, एयू बनो चैंपियन कार्यक्रम राजस्थान के 16 जिलों को कवर करते हुए 61 ग्रामीण और अर्ध-शहरी स्थानों तक पहुंच गया। इस कार्यक्रम के तहत, 7000 से अधिक युवाओं को 90 प्रशिक्षकों और उप-कोचों द्वारा प्रशिक्षित किया गया और कई स्वयंसेवकों द्वारा सहयोग भी दिया गया। सरकारी समर्थन के अलावा, क्षेत्रीय विशेषज्ञों और संघ निकायों के साथ औपचारिक साझेदारी के साथ, इस कार्यक्रम को हर तरफ से समर्थन मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती उषा शर्मा मुख्य सचिव राजस्थान सरकार व भारतीय पहली महिला पहलवान गीता फोगाट गीता फोगाट भारतीय पहलवान (फ्री5 स्टाइल) जिन्होंने पहली बार भारत के लिए राष्ट्र मण्डल खेलों में भारत के लिए स्वर्णपदक जीता जिनपर दंगल मूवी भी बनी है व एयू स्माल फाइनेंस बैंक व फाउंडेशन के एमडी व सीईओ संजय अग्रवाल ने किया साथ ही टूर्नामेंट्स में सफलता प्राप्त करने पर दी जाने वाली ट्राफी का भव्य प्रदर्शन कर टूर्नामेंट्स का शुभारंभ किया गया।

## वधु चाहिए



26 वर्ष,बीए एलएलबी,एलएलएम अध्ययनरत न्यायिक सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे इकलौते पुत्र हेतु स्वजातीय, सुशील, संस्कारी, सुयोग्य, समकक्ष, लॉ ग्रेजुएट वधु चाहिए। वर की पूर्व में कोई सगाई या शादी नहीं। मांगलिक दोष नहीं। पिता सरकारी सेवा में कार्यरत। माता गृहणी, गौत्र- पिता बुटोलिया, माता सोलंकी, दादी चावला, नानी चंदेल।

शीघ्र विवाह हेतु सम्पर्क करें-
Mob. 9414054148

### गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर समाप्त

# गांधी चितंन का ही प्रतिफल है - 'आनंदम'

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ गवर्नेन्स एंड सोशल साइंसेज परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि से प्रारंभ किया गया गांधीयन मुल्यों पर आधारित और उनके जीवन दर्शन पर एकाग्र राजस्थान के राजकीय महाविद्यालयों के प्राध्यापकों का छह दिवसीय प्रशिक्षण शिविर पूर्ण हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व उच्च शिक्षा सचिव श्रुति शर्मा ने कहा कि गांधी को समग्र रूप से समझना आज की अपरिहार्य एवं महत्ती आवश्यक्ता है। उन्होंने कहा कि गांधी मन, कर्म और वचन से ईमानदार तो थे ही, साथ ही साथ वे सम्पूर्ण राष्ट्र की अस्मिता भी थे। गांधी चिंतन और दर्शन के माध्यम से नकारात्मकता से सकारात्मकता की ओर दृष्टिकोणगत परिवर्तन वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सर्वथा प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी कहा कि 'आनंदम' गांधी चिंतन का ही प्रतिफलन है। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर बी एम शर्मा ने संस्थान के 'विजन' एवं 'मिशन' का उल्लेख कर संस्थान की उपलब्धियों से सभी आगंतुकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को अवगत करवाया और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण गांधीजी के विचारों को भावी पीढ़ी तक स्थानांतरित करने और प्रदेश और देश में सौहार्दपूर्ण वातावरण के निर्माण के साथ ही लोकतांत्रिक मूल्यों की अक्षुण्णता व अनुरक्षण के लिए आवश्यक प्रकल्प है। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता और विविधता हमारी पहचान है और मानवीय मूल्यों के साथ बेहतर समाज कैसे बने, हम सदैव इसके लिए प्रयत्नशील रहें। उन्होंने बताया कि संस्थान शिक्षण, प्रशिक्षण, ओरियंटेशन एवं उच्च स्तरीय शोधपरक इत्यादि कार्य संचालन की दिशा में सतत प्रयत्नशील है। प्रशिक्षण शिविर समापन कार्यक्रम के अंत में संस्थान के विशेषाधिकारी सौमित्र नाथ झा द्वारा सबका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सुसंचालन डॉ ज्योति अरुण द्वारा किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में गांधी संबंधी विविध विषय विशेषज्ञ डॉ. प्रोफेसर संजय लोढ़ा, प्रोफेसर संगीता शर्मा, डॉ विकास नौटियाल, डॉ कमल नयन , गांधीवादी विचारक सवाई सिंह, धर्मवीर कटेवा आदि के व्याख्यानों के साथ-साथ विविध रचनात्मक कार्य भी किए गए। समापन सत्र के आखिर में प्रशिक्षणार्थियों को अपना घर, भगवान महावीर विकलांग सहायता केंद्र, हरिजन बस्ती, गांधी म्यूजियम का भ्रमण करवाया गया ताकि गांधीजी के जीवन एवं उनके कृतित्व की समझ बेहतर ढंग से हो सके।



# म्यूज़िकल सफ़र इण्डिया की संगीतमयी शाम सम्पन्न

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। राष्ट्रीय संस्था म्यूज़िकल सफ़र इण्डिया द्वारा राजधानी जयपुर में संगीत का भव्य आयोजन किया गया।इसमें कलाकारों के जीवन के ऐसे अनछुए पहलुओं को दर्शाया गया जो समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है कि किस प्रकार संगीत से उनके जीवन में सकारात्मकता आयी और कई कलाकारों के लिए तो संगीत जीवनदायी साबित हुआ।



ग़ज़ल सम्राट जगजीत सिंह के बड़े भाई जसवंत सिंह का स्वागत करते हुए आयोजक विजेंद्र पाठक एवं सपना पाठक।

प्रोग्राम हेड विजेंद्र पाठक ने बताया कि इसके लिए कलाकारों के पिछले दो महीनों से वीडियो शूट किए गए थे जिनको संकलित कर कार्यक्रम में संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया। संस्थापक और निदेशक सपना पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम समाज को संदेश देने के लिए आयोजित किया गया कि जीवन में संघर्ष और चुनौतियों को निराशा के बादल के रूप में नहीं बल्कि स्वयं को और मजबूत बनाने के लिए नए रास्ते खोजने के अवसर के रूप में देखना चाहिए। इस शो में सपना पाठक की संघर्ष भरी जीवन यात्रा को भी दिखाया गया, कार्यक्रम में दिल्ली,लखनऊ, पश्चिम बंगाल, झारखंड, धौलपुर, आदि स्थानों से कलाकार शामिल हुए। कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन ग़ज़ल सम्राट स्वर्गीय जगजीत सिंह के बड़े भाई जसवंत सिंह ने किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सुनीता मीणा व विशिष्ठ अतिथि गोपाल शर्मा, रवि जसवानी व साक्षी जसवानी रहे।इस कार्यक्रम में दौलत त्रिलोकानी, राकेश श्रीवास्तव, और शहर के अन्य संगीत ग्रुप के संचालक अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम में संस्थापक सपना पाठक के अतिरिक्त संरक्षक लकी कपूर और हेमंत गुप्ता , सोनाऊद्दीन, रमिता, गुंजन, प्रियंका, सुराज, शैलेन्द्र माथुर, सतीश, जुगल, शैलेन्द्र महानोत, वासुदेव, अम्बे, अंकुर, निरमा, अनुष्का, अश्वनी, भानु, सीमा, दीपक, सतीश, हेमा, राजेन्द्र, हेमलता, जितेंद्र, सपना शर्मा, एम एल छावडा, मोनिका, प्रणव, रनवीर, रूपा, संतोष, शैल, प्रीती, योगेन्द्र, राजकुमार आदि की प्रस्तुतियाँ रही सभी कलाकारों को दर्शको ने खूब सराहा।

### नेटथियेट कार्यक्रम: मोहम्मद अमान ने लूटी महफिल

# सलोना रे बालम...तोरे मद भरे नैन रसीले से बांधा समां

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। नेटथियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में राजस्थान के युवा शास्त्रीय गायक मोहम्मद अमान ने जब स्वर की कमान संभाली तो स्वरों का गुलदस्ता फिजा में महक उठा। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि मोहम्मद अमान ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत राग यमन से की। विलंबित में ख्याल में एक बंदिश सलोना रे बालम मध्य लय में जग में शरम रख मेरी बड़े मनोयोग से सुना कर श्रोताओं को अभिभूत किया। अमान की गायकी में तानें इतनी साफ व तैयार थी कि एक-एक सुर अलग-अलग दिखाई दिया। इसके बाद अमान ने द्रुत में तराना सुनाकर वाह वाही लूटी और अंत में राग खमाज में एक ठुमरी तोरे मद भरे नैन रसीले गाई तो ऐसा लगा मानो स्वरों की खुशबू चारों दिशाओं में बिखर गई है। अमान के साथ हारमोनियम पर उनके गुरु उस्ताद जफर मोहम्मद ने असरदार संगत कर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया तो तबले पर संगत कर रहे मोहम्मद शोएब ने अपनी उंगलियों का जादू दिखाकर वाहवाही लूटी। प्रकाश एवं कैमरा मनोज स्वामी, संगीत तपेश शर्मा, मंच सज्जा सागर गढ़वाल, जीवितेश शर्मा और अंकित शर्मा नोनू का रहा।





## मालवीयनगर विधानसभा की भावी भाजपा विधायक प्रत्याशी एकता अग्रवाल का जन्मदिन आस्था को समर्पित

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। 6 फरवरी को मालवीयनगर विधानसभा की भावी भाजपा विधायक प्रत्याशी एकता अग्रवाल ने अपने जन्मदिवस के अवसर पर दुर्गापुरा गोशाला में गोमाता की सेवा की एवं गोविंद देव जी, ताड़केशवर जी और मोती डूँगरी गणेश जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने निवास पर सभी मालवीय नगर विधान सभा के गणमान्य कार्यकर्ताओं से भेंट कर आशीर्वाद लिया ।

# VGU ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर रचा इतिहास

**हिलव्यू समाचार**

**जयपुर**। विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, (NAAC A+) ने गत रविवार को छः हजार से अधिक लोगों के साथ मैराथन का आयोजन कर इतिहास रचा। यूनिवर्सिटी परिवार के सभी सदस्यों जिसमें छात्र, छात्राओं, फैकल्टी,एलुमनी और यूनिवर्सिटी के कर्मचारियों ने एक साथ लाल टी-शर्ट और सर पर राजस्थानी 'साफे के साथ 'पहन के सर पे अपनी शान, दौड़ रहा है राजस्थान' नारे के साथ दौड़ लगायी । ए.यू. बैंक, जयपुर मैराथन के 14वें संस्करण में विवेकानंदा ग्लोबल यूनिवर्सिटी को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया ।

अल्बर्ट हॉल, जयपुर के चौराहे से रेस का आगाज़ हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल कलराज मिश्र , बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद एवं रोडीज़ फेम रणविजय सिंघा ने झंडी दिखा कर मैराथन का आगाज़ किया।

जयपुर मैराथन के लिए जो रास्ते तय किए थे, उसमें जगह-जगह पर धावकों के लिए पीने के लिए पानी, एनर्जी स्टेशंस, ऑरेंज स्टेशंस एवं मेडिकल सहायता देने के लिए कैंप लगाए गए। लोगोंके उत्साह को बढ़ाने के लिए ज़ुम्बा जैसे चीयरिंग जोन भी लगाए गए। जहाँ बीच-बीच में धावकों ने गानों के धुन पर डांस करते हुये अपने सफर को पूरा किया इन सब के बावजूद धावकों के बीच में प्रतिस्पर्धा भी देखने को मिल रही थी।

सी एंड एफओ श्री ओंकार बगरिया, विभिन्न संकायों के संकायध्यक्ष, विभिन्न विभागों के प्रमुख और अन्य संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने आगे से नेतृत्व करते हुए दूरी को पूरा करने के लिए धावकों को प्रोत्साहित किया ।

चार वर्षीय अर्णव सिंह जो कि अपनी माँ के साथ मैराथन में भाग लेने आय।

सी एंड एफओ ई. ओंकार बगाड़िया और समस्त वी जी यू टीम मौजूद रही। इस दौड़ में शामिल होने वाले लोगों में ग्राम पंचायत सरपंचों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के 500 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। इस मैराथन में छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए 21 किमी और 10 किमी की रेस पर कैश प्राइज भी रखा गया, जिसमे एन सी सी और एन एस एस से बड़ी मात्रा में छात्रों ने भाग लिया। 21 किमी की दौड़ में जीतने वालों में टॉप 5 में आने वाले एन सी सी के अजय सिंह चौहान , कार्तिक, सिद्धांत आर्या , एन एस एस के दिव्यांश बिश्नोई और पी एच डी के धारा सिंह मीणा रहे। 10 किमी की दौड़ में जीतने वाले टॉप 5 में एन सी सी के दीपक बेनीवाल, भंवर लाल, दीपक चौधरी ,एन एस एस के कैलाश भादू और राज कुमार मीणा रहे। इन सभी छात्रों को 2100 रुपये के कैश प्राइज से नवाज़ा गया। इनके अलावा 10 किमी की दौड़ में यूनिवर्सिटी की फैकल्टीज ने भी हिस्सा लिया जिनमे डिप्टी डायरेक्टर अनिल बगड़िया, एच ओ डी ,लॉ डॉ ऋचा चौधरी, आर्किटेक्चर मुकेश भाटी , अलाइड हेल्थ केयर से डॉ शालिनी दीक्षित और डॉ दीपिका कच्छावा शामिल हुए।





स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, एवं मुद्रक शालिनी श्रीवास्तव के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, डी.एल. टॉवर, 3-ए, विद्याश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर में मुद्रित एवं प्लॉट नंबर C-2,अर्शिया रेजिडेंसी, फ्लैट नंबर 201,आदर्श नगर,राजा पार्क जयपुर-302004 (राजस्थान) से प्रकाशित।
**संपादक :** शालिनी श्रीवास्तव **सह-संपादक:** हरीश श्रीवास्तव, छबड़ा बारां **सह-संपादक :** कुलदीप गुप्ता, जयपुर मो.: 9460678701, 7976561127 (21 जून 2014 से निरन्तर प्रकाशित) hillviewsamachar@gmail.com (राजस्थान सरकार से विज्ञापन हेतु स्वीकृत)